सुविचार

सब प्राचीन अच्छा और सब नया बुरा नहीं होता। बुद्धिमान पुरुष स्वयं परीक्षा द्वारा गुण–दोषों का विवेचन करते हैं।

कालीदास

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 2 ■ अंक 351 ■ जबलपुर, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

संक्रमित खून चढ़ाने का मामला 9 महीने दबाया; 3 ब्लड बैंक से 189 यूनिट ट्रांसफ्यूजन

# सरकारी चूक को दबाए रखा, 5 बच्चों को HIV

**सतना।** सतना में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाने के मामले में नया खुलासा हुआ है। पहले जानकारी मिली थी कि 4 महीने पहले इसका पता चला था। दैनिक भास्कर ने जब सरकारी रिकॉर्ड खंगाले तो पता चला कि करीब 9 माह पहले ये बात सामने आ चुकी थी। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिम्मेदारों का अब तक कुछ पता नहीं है। सतना में 5 थैलेसीमिया के बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया, जिसके बाद वे एचआईवी पॉजिटिव हो गए। बताया जा रहा है कि ये बच्चे अब तक करीब 200 ब्लड डोनर के संपर्क में आ चुके हैं। 3 ब्लड बैंकों से अब तक 189 यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन हो चुका है। मामले की जांच के लिए राज्य और जिला स्तर पर अलग-अलग जांच टीमें गठित की गई हैं। केंद्रीय जांच टीम जांच के लिए सतना पहुंच गई है।




### मार्च में पहला एचआईवी पॉजिटिव मामला सामने आया

स्वास्थ्य विभाग को 20 मार्च 2025 को पहली बार थैलेसीमिया पीड़ित 15 वर्षीय लड़की के एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी मिली थी। नाबालिग ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए जिला अस्पताल पहुंची थी, जहां जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मामला सामने आने पर और बच्चों की जांच कराई गई। जांच में 9 साल के दो थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में 26 और 28 मार्च को एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद 3 अप्रैल को 15 वर्षीय चौथे थैलेसीमिया पीड़ित नाबालिग की रिपोर्ट भी एचआईवी पॉजिटिव आई। इसके बाद आनन-फानन में ब्लड डोनर्स और ट्रांसफ्यूजन रिकॉर्ड की जांच शुरू की गई।

### 3 साल बच्ची पहले से थी एचआईवी पॉजिटिव

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, 1 अप्रैल को 3 वर्षीय थैलेसीमिया पीड़ित बच्ची भी एचआईवी पॉजिटिव पाई गई थी। इस बच्ची के माता-पिता भी एचआईवी पॉजिटिव हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह मामला अन्य 4 बच्चों से अलग है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, चारों पीड़ित बच्चों को जिला अस्पताल, बिरला हॉस्पिटल और जबलपुर में ब्लड चढ़ाया गया है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. देवेंद्र पटेल ने बताया कि चारों बच्चों को सबसे ज्यादा ब्लड ट्रांसफ्यूजन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से किया गया। इसके अलावा बिरला हॉस्पिटल और जबलपुर के ब्लड बैंक से भी ब्लड लिया गया था।

### जिला एड्स कंट्रोल सोसाइटी की नोडल अधिकारी को शोकॉज

मामले में सिविल सर्जन ने जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी की नोडल अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता को शोकॉज नोटिस जारी किया है। सिविल सर्जन ने कहा कि इस संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराना आपका दायित्व है, लेकिन आपकी ओर ऐसा नहीं किया गया। डॉ. गुप्ता को तीन दिनों में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले को नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नाको) ने भी संज्ञान में लिया है। राज्य और केंद्र स्तर से लगातार रिपोर्ट तलब की जा रही है।

### 150 डोनर की जांच, सभी की रिपोर्ट नेगेटिव

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में एचआईवी संक्रमण सामने आने के बाद उन रक्तदाताओं से पूछताछ शुरू कर दी गई है, जिनका ब्लड इन बच्चों को चढ़ाया गया था। भोपाल से स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रभारी सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला से पूरे मामले की जानकारी तलब की है। वहीं, हेल्थ कमिश्नर तरुण राठी और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के औषधि नियंत्रक दिनेश श्रीवास्तव ने भी पूरा ब्योरा मांगा है।

### राज्यस्तरीय 6 सदस्यीय जांच टीम गठित

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर हेल्थ कमिश्नर ने 6 सदस्यीय राज्यस्तरीय जांच टीम बनाई है। टीम में डॉ. एसबी अवधिया क्षेत्रीय संचालक (स्वास्थ्य) रीवा संभाग, डॉ. रूबी खान डिप्टी डायरेक्टर एसबीटीसी/ब्लड सेल, डॉ. रोमेश जैन ब्लड ट्रांसफ्यूजन स्पेशलिस्ट एम्स भोपाल, डॉ. सीमा नवेद सीनियर ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड ब्लड सेंटर भोपाल, संजीव जादोन सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर होशंगाबाद और प्रियंका चौबे डीआई सतना शामिल हैं। यह टीम बुधवार को सतना पहुंचकर जांच करेगी।

### सिविल सर्जन ने भी बनाई अलग जांच कमेटी

सिविल सर्जन डॉ. शुक्ला ने अपने स्तर पर भी जांच कमेटी गठित की है। इसमें शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप द्विवेदी (प्रभारी थैलेसीमिया, सिकलसेल), पैथोलॉजिस्ट डॉ. देवेंद्र पटेल और सहायक प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र वर्मा को शामिल किया गया है। इस टीम को तीन दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपनी होगी।

### केंद्रीय जांच टीम पहुंची सतना

थैलेसीमिया से पीड़ित 5 बच्चों के एचआईवी संक्रमित हो जाने के मामले को संज्ञान में ले कर बुधवार की दोपहर 1.30 बजे केंद्र सरकार की सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल अथॉरिटी की 2 सदस्य महेश्वर और सचिन की टीम जिला अस्पताल पहुंची। उनके साथ ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे भी मौजूद रही। टीम रेलवे स्टेशन से सीधे जिला अस्पताल आई और ब्लड बैंक पहुंची। ब्लड बैंक प्रभारी देवेंद्र पटेल के चैंबर में टीम ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान मीडिया को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया था। टीम के सदस्यों ने डॉ पटेल से पूरे मामले की जानकारी ली। टीम ब्लड बैंक के बाद अस्पताल प्रबंधन और एड्स कंट्रोल सोसाइटी की नोडल पूजा गुप्ता से भी मिलकर वस्तुस्थिति का पता करेगी।

### ब्लड बैंक प्रभारी बोले- महज खून चढ़ाने से संक्रमण नहीं होता

ब्लड बैंक प्रभारी एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. देवेंद्र पटेल के मुताबिक, यह कहना मुनासिब नहीं है कि केवल एचआईवी संक्रमित खून चढ़ने से संक्रमण हो सकता है। ब्लड ट्रांसफ्यूजन समेत ऐसे 4 कारण होते हैं, जिससे एचआईवी संक्रमण हो सकता है। जैसे संक्रमित सुई, माता-पिता या सेक्शुअल ट्रांसमिशन से भी एचआईवी हो सकता है। डॉ. देवेंद्र पटेल ने बताया कि किसी भी एचआईवी मरीज में संक्रमण शुरू में तुरंत नहीं पता चलता। सामान्य टेस्ट (क्लिया) में संक्रमण दिखने में 1 से 3 माह लग सकते हैं। नेट मशीन से 7-14 दिन में पुष्टि हो जाती है। अगर क्लिया टेस्ट काम नहीं करता, तो एंटीजन किट से जांच की जाती है।

## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स खुलने में 2 दिन बाकी



**वॉशिंगटन डीसी।** ट्रम्प प्रशासन 19 दिसंबर को कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक कर सकता है। इस दौरान एपस्टीन केस से जुड़े सभी ईमेल, तस्वीरें और डॉक्यूमेंट्स पब्लिक होंगे। इसका मकसद एपस्टीन के पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने लाना है। आरोप है कि इस नेटवर्क में नाबालिग लड़कियों का शोषण हुआ और दुनिया के कई बेहद ताकतवर लोग इससे जुड़े थे। इससे पहले इस केस से जुड़ीं 19 तस्वीरें 12 दिसंबर को पब्लिक हुई थीं। इसमें 3 तस्वीरें ट्रम्प की हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अरबपति बिल गेट्स जैसे बड़ी हस्तियों की तस्वीरें भी सार्वजनिक हुईं। अब एपस्टीन से जुड़े सभी रिकॉर्ड पब्लिक होने में सिर्फ 2 दिन बाकी हैं। ऐसे में अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में राजनीतिक और कारोबारी हलकों में हलचल तेज हो गई है। अब तक किसी भारतीय नागरिक या भारतीय नेता–उद्योगपति का नाम आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है। भारतीय नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया है कि इसमें कुछ भारतीय मंत्री, पूर्व मंत्री और मौजूदा सांसदों के नाम सामने आ सकते हैं। हालांकि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। लेकिन एपस्टीन के संबंध अमेरिका के बाहर के देशों के नेताओं और बिजनेसमैन से भी बताए जाते हैं, इसलिए पूरी दुनिया की नजर इन फाइलों पर टिकी है।

1 से 2 लाख होने में 9 महीने लगे, 50 हजार से 1 लाख 14 साल में पहुंची थी

## चांदी पहली बार 2 लाख प्रति किलो के पार

**मुम्बई।** चांदी आज यानी 17 दिसंबर को पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार निकली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार सुबह एक किलो चांदी 2,00,750 रुपए पर ओपन। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट आई और ये 7,664 रुपए बढ़कर 1,99,641 रुपए किलो पर बंद हुई। इससे पहले ये 1,91,977 रुपए पर थी। 18 मार्च को चांदी पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 1 लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंचने में सिर्फ 9 महीने का समय लगा। जबकि इसे 50 हजार से 1 लाख रुपए तक पहुंचने में 14 साल लगे थे। मौजूदा कीमत के साथ चांदी अब ऑल–टाइम हाई पर है।

### चांदी में तेजी के 4 बड़े कारण

इंडस्ट्रियल डिमांड झ सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एश में भारी इस्तेमाल, चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है। ट्रंप का टैरिफ डर झ अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, ग्लोबल सप्लाई में कमी से कीमतें ऊपर चढ़ीं। मैन्युफैक्चरर होड़ में झ प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी पहले से खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी।

**चांदी में निवेश बढ़ रहा:** निवेशक सिल्वर एळ्रक्के जरिए चांदी में निवेश कर रहे हैं। इससे चांदी की डिमांड बढ़ रही है।

**सोना 540 रुपए बढ़कर 1.32 लाख रुपए पर पहुंचा–** आज 24 कैरेट शुद्धता वाला



सोना भी 540 रुपए बढ़कर 1,32,317 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये कल यानी, 16 दिसंबर को 1,31,777 रुपए पर था। वहीं सोने ने 15 दिसंबर को 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल सोना 56,155 और चांदी 1,13,624 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 56,155 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,317 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,13,624 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 2,00,750 रुपए प्रति किलो हो गई है। सवाल 1: आने वाले दिनों में चांदी और कितनी महंगी हो सकती है? जवाब: केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है।

ऐसे में चांदी अगले 1 साल में 2.50 लाख तक जा सकती है। वहीं इस साल के आखिर तक चांदी की कीमत 2.10 लाख रुपए किलो पहुंच सकती है।

सवाल 2 : हाई रेट पर ज्वेलरी खरीदना कितना फायदेमंद या नुकसानदेह है?

## 11 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ाया



### देवास में एक आपचारी भी हिरासत में; राजस्थान के पास जिलो में करते थे सप्लाई

**देवास।** देवास पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 लाख रुपए की 55 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक देवास के निर्देश पर जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन में कन्नौद थाना पुलिस को 14 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में घेराबंदी कर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने नारायणसिंह पिता बोमेरसिंह (50 वर्ष, निवासी आंगरी सुवासरा) को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि पकड़े गए आरोपी मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमा से लगे जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पैडलर के माध्यम से एमडी ड्रग्स की सप्लाई करते थे। कार्रवाई के दौरान एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और इस ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

## फुटबॉलर मेसी ने अनंत अंबानी का वनतारा देखा

**गांधीनगर।** वर्ल्ड फुटबॉल स्टार लियोनल मेसी ने भारत के दौरे के दौरान अनंत अंबानी के वाइल्डलाइफ रेस्क्यू और संरक्षण केंद्र वनतारा का भी दौरा किया। इसकी तस्वीरें बुधवार रात जारी की गईं। यहां मेसी ने अनंत और उनकी पत्नी राधिका के साथ आरती की, भगवान की मूर्ति के सामने माथा टेका। मेसी ने एलिफेंट केयर सेंटर में दो साल पहले बचाई गई बीमार हाथी प्रतिमा के बच्चे मणिकलाल के साथ फुटबॉल खेली। इस मौके पर अनंत अंबानी और राधिका अंबानी ने एक शेर के शावक का नाम लियोनल भी रखा। उनके साथ उनके क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल भी मौजूद थे।

### 3000 एकड़ में फैले वनतारा को जानिए

वनतारा रिलायंस के जामनगर स्थित रिफाइनरी परिसर के 3000 एकड़ ग्रीनबेल्ट में



फैला हुआ है। वनतारा जानवरों को समर्पित अपनी तरह का देश का पहला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। इस पूरे इलाके को घने जंगल की तरह विकसित किया गया है। वनतारा में 43 प्रजातियों के 2000 से अधिक जानवर हैं। आज यहां 200 हाथी, 300 से अधिक तेंदुए, बाघ, शेर, जगुआर, हिरण हैं। इसके अलावा मगरमच्छ, सांप और कछुओं जैसे 1200 से अधिक सरीसृपों की शरण स्थली है। इनकी देख रेख के लिए 2100 लोगों का स्टाफ है। यहां जानवरों–पशु–पक्षियों के लिए हाईटेक हॉस्पिटल भी बनाया गया है। यह हॉस्पिटल करीब 25 हजार वर्गफीट में फैला हुआ है। इसके अलावा 650 एकड़ में एक पुनर्वास सेंटर भी बनाया गया है। हॉस्पिटल में एक्स–रे मशीन, लेजर मशीन, हाइड्रोलिक सर्जिकल टेबल जैसी तमाम हाईटेक सुविधाएं मौजूद हैं।

## डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट बोला– पीड़ितों को मुआवजा मिले

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट जैसे ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने को कहा है। हरियाणा के बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चिंता जताई कि साइबर अपराधी इस तरीके से देश से बेहद बड़ी रकम बाहर भेज रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि इन ठगों ने देश से कितना पैसा बाहर भेज दिया है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने बताया कि केंद्र सरकार एक इंटरझमिनिस्ट्रीयल (कई मंत्रालयों की संयुक्त) बैठक बुलाने जा रही है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट से निपटने की रणनीति पर चर्चा होगी। इस मामले में कोर्ट की मदद के लिए नियुक्त सलाहकार वकील एन एस नप्पिनै ने सुझाव दिया कि पीड़ितों के लिए मुआवजा योजना बने। बिल्कुल वैसे ही जैसे ब्रिटेन में ऑथोराइज्ड पुश पेमेंट (APP) स्कैम के मामलों में बैंकिंग सिस्टम के जरिए पीड़ितों को अनिवार्य रिफंड दिलाया जाता है।


## लुधियाना सेंट्रल जेल में झड़प, बंदियों ने अफसरों को पीटा

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना की ताजपुर रोड स्थित सेंट्रल जेल में मंगलवार शाम करीब 7 बजे कैदियों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। इसी दौरान अधिकारी रूटीन चेकिंग के लिए जेल के अंदर पहुंचे, तो कैदियों ने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया गया। हमले की सूचना मिलते ही जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिद्धू मौके पर पहुंचे और हालात शांत करने की कोशिश की। इसी दौरान एक कैदी ने जेल सुपरिंटेंडेंट के सिर पर ईंट मार दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।




मणिपुर ड्यूटी जॉइन करने निकला था, बनारस एयरपोर्ट से फ्लाइट कैंसिल हुई थी

## सिंगरौली का जवान दो दिन से लापता



**सिंगरौली। सिंगरौली जिले के पचोर क्षेत्र के भारतीय सेना के जवान शैलेश कुमार दुबे बीते 48 घंटे से लापता हैं। वह छुट्टी पूरी कर मणिपुर में अपनी ड्यूटी पर लौट रहे थे। वाराणसी एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद उनका परिजन से संपर्क टूट गया। शैलेश कुमार दुबे भारतीय सेना की चौथी महार रेजिमेंट में पिछले तीन सालों से तैनात हैं। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग मणिपुर में है। उनके पिता जीवन प्रकाश दुबे ने बताया कि शैलेश 14 दिसंबर को बैढ़न से वाराणसी के लिए रवाना हुए थे।**

**जवान को बनारस से मणिपुर जाना था–** उन्हें वाराणसी से फ्लाइट के जरिए दिल्ली होते हुए मणिपुर जाना था। 15 दिसंबर की सुबह करीब 9 बजे तक शैलेश से परिजन की बातचीत हुई। इस दौरान शैलेश ने फोन पर बताया कि दिल्ली जाने वाली उनकी फ्लाइट रद्द हो गई है और अब दूसरी फ्लाइट शाम 6 बजे की है। सुबह 9 बजे के बाद से शैलेश कुमार दुबे का मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। परिजन ने पहले सोचा कि वह फ्लाइट में होंगे या यात्रा के दौरान फोन बंद होगा, लेकिन जब 16 दिसंबर को पूरे दिन मोबाइल स्विच ऑफ ही रहा तो उनकी चिंता बढ़ गई।

**परिजन बोले- बैढ़न पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया–** इसके बाद पिता जीवन प्रकाश दुबे बैढ़न थाने पहुंचे और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया। परिजन का आरोप है कि बैढ़न पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही जीरो पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने उन्हें बनारस जाकर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

### आज गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

मजबूर होकर परिजन 16 दिसंबर की रात करीब 2 बजे बनारस पहुंचे और 17 दिसंबर को बाबतपुर पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। एयरपोर्ट प्रबंधन से बातचीत के दौरान यह जानकारी सामने आई। सीसीटीवी फुटेज में शैलेश कुमार दुबे 15 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, उसके बाद वे कहां गए, इसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। फिलहाल जवान की तलाश जारी है।

## आपातकालीन सेवा डायल 112 पर झूठी सूचना देना पड़ा महंगा, कटा 10 हजार का चालान

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कोतवाली लक्सर क्षेत्र में डायल 112 आपातकालीन सेवा का दुरुपयोग करना एक सख्त को महंगा पड़ गया। पुलिस ने इस अपराध के लिए उस पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगा दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि एक व्यक्ति ने डायल 112 पर फोन कर गंभीर आरोप लगाते हुए सूचना दी कि उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष ने पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की है और उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए लक्सर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि कॉल करने वाला व्यक्ति शराब के नशे में था और उसके द्वारा दी गई सूचना पूरी तरह झूठी थी। इस प्रकार आपातकालीन सेवा का गलत इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने डायल 112 पर झूठी सूचना देने के आरोप में धर्मेन्द्र कुमार विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10,000 रुपए का चालान अदालत में प्रस्तुत किया है। साथ ही भविष्य में इस तरह की गलती न करने की सख्त हिदायत दी गयी है।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

7 दिन में ट्रांसफर की मांग, कहा-हमें नौकरी छोड़ने के लिए उकसाया जाता है

# डीएफओ पर कर्मचारियों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

## अपशब्दों का आरोप शासन का पैसा खाते हो चोर
## अपनी ही मैडम से ये कर्मचारी हो गए हैं बोर
## अब ट्रांसफर कराने का मचा रहे हैं जबरदस्त शोर
## सच में क्या ये मैडम से प्रताड़ित हो रहे हैं घनघोर








**रेवांचल टाइम्स मंडला उत्पादन वन मंडल में इन दिनों कार्य वातावरण को लेकर गंभीर असंतोष की स्थिति बन गई है। वन मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वन मंडल अधिकारी सुश्री पूजा नांगले पर दमनकारी नीति अपनाने, मानसिक प्रताड़ना करने और नियमों के विरुद्ध कार्य कराने के आरोप लगाए हैं। इसी के विरोध में कर्मचारियों ने वन संरक्षक, मध्यवन वृत्त जबलपुर को पत्र लिखकर अपनी व्यथा रखी है और चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ या संबंधितअधिकारी का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो वे कार्य बंद आंदोलन और सामूहिक हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे।**

कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार वन मंडल अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय भ्रमण एवं व्यक्तिगत मुलाकातों के दौरान अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। कर्मचारियों और युवा अधिकारियों को ह्लशासन का पैसा खाने वालाह्व जैसे शब्द कहे जाते हैं तथा उनकी योग्यता पर सवाल उठाकर नौकरी से हटाने या स्वयं त्यागपत्र देने के लिए उकसाया जाता है। इससे कर्मचारियों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को गहरी ठेस पहुंच रही है।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वन मंडल अधिकारी द्वारा कर्मचारियों से उनका मोबाइल फोन मांगकर संदेशों की जांच की जाती है, जिससे उनकी व्यक्तिगत और पारिवारिक गोपनीयता भंग होती है। कर्मचारियों का कहना है कि यह न केवल नियमविरुद्ध है, बल्कि उनके मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। इस प्रकार की कार्यशैली से कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया है कि कुशल श्रमिकों के साथ अकुशल श्रमिकों को मिलाकर कार्य करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं और जनहानि की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद सुरक्षा मानकों और श्रमिकों की क्षमता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

वन मंडल अधिकारी द्वारा दिसंबर 2025 तक लगभग 50 प्रतिशत वृक्ष कटाई एवं लॉगिंग/हंपीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि विलंब से अनुमति मिलने के कारण अधिकांश मजदूर पहले ही अन्य स्थानों पर काम करने चले गए हैं। वर्तमान में श्रमिकों की भारी कमी है, ऐसे में इतने कम समय में लक्ष्य पूरा करना कर्मचारियों के अनुसार असंभव है। इसके बावजूद गूगल शीट के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है, जिससे क्षेत्रीय प्रभारी एवं कर्मचारियों पर अत्यधिक मानसिक दबाव पड़ रहा है और उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में वन मंडल अधिकारी द्वारा नवीन पंजी संधारण जैसे अतिरिक्त कार्य कराए जा रहे हैं, जो मुख्यालय भोपाल के निदेशों के बाहर बताए जा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि इससे समय और संसाधनों की बबार्दी हो रही है और विदोहन जैसे महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे।

### समय पर नहीं हो रहा भुगतान

सबसे गंभीर समस्या मजदूरों के भुगतान को लेकर बताई गई है। परिक्षेत्र अधिकारियों एवं उप मंडल कार्यालयों से भेजे गए प्रमाणकों के बावजूद मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा, जिससे श्रमिकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर भी दबाव बनाकर शिकायतें वापस कराने या बंद कराने का प्रयास किया जाता है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें स्वयं के वेतन से भुगतान करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जो पूरी तरह अनुचित है।

डिपो में भौतिक नीलामी, कार्यशालाओं एवं अन्य कार्यों के भुगतान पर भी कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जा रहा है। कई मामलों में कर्मचारियों को अपनी निजी आय से खर्च करना पड़ रहा है। वहीं, एरियर भुगतान, टीए-डीए और डायरी भुगतान लंबे समय से लंबित हैं, जबकि इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय पर भी कोई दबाव नहीं बनाया जा रहा। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि अवकाश मांगने पर सामान्यतः मना कर दिया जाता है और जिला स्तर पर अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय का भी अभाव है। समकक्ष अधिकारियों के माध्यम से कार्य कराने के बजाय निचले स्तर के कर्मचारियों पर सीधा दबाव बनाया जाता है, जो प्रशासनिक प्रोटोकॉल के विपरीत है। छोटी-छोटी बातों पर स्पष्टीकरण जारी करना, फील्ड मीटिंग में समझाइश देने के बजाय चिल्लाना, फोन पर तीखी डांट-फटकार और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग अब आम बात हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि सही कार्य होने के बाद भी उसमें कमियां निकालकर मानसिक दबाव बनाया जाता है, जिससे उनका मनोबल पूरी तरह टूट चुका है। यहां तक कि ह्लवन विभाग को मजदूर विभाग बना देना चाहिएह्व जैसी टिप्पणियां भी की जाती हैं। पत्र के अंत में कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन परिस्थितियों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय या जनहानि की घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित वन मंडल अधिकारी की होगी। कर्मचारियों ने मांग की है कि एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई करते हुए अधिकारी का स्थानांतरण किया जाए, अन्यथा उत्पादन वन मंडल मंडला के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारी विदोहन कार्य छोड़कर सामूहिक हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे।

फिलहाल यह मामला वन विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। अब देखना यह होगा कि वन संरक्षक एवं शासन इस स्थिति को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या कर्मचारियों की शिकायतों पर समय रहते कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

# कड़ाके की ठंड में परिक्रमावासियों के बीच पहुंचे कलेक्टर, रात में बांटे कंबल



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं और परिक्रमावासियों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने मानवीय पहल की। मंगलवार रात करीब 9 बजे कलेक्टर सोमेश मिश्रा स्वयं शहर के प्रमुख घाटों पर पहुंचे और परिक्रमा कर रहे बुजुर्गों व जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कंबल वितरित किए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माहिष्मति घाट, दादा धनीराम बाबा मंदिर परिसर और संगम घाट का निरीक्षण करते हुए परिक्रमावासियों से संवाद भी किया और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ठंड के मौसम में परिक्रमावासियों के लिए लगातार राहत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से अपनी नर्मदा परिक्रमा पूरी कर सकें।

# जिले का प्रमुख तीर्थ स्थल त्रिवेणी संगम बदहाल

## मकर संक्रांति पर कीचड़ वाली जगह पर स्नान को मजबूर होंगे श्रद्धालु

**रेवांचल टाइम्स मंडला। महाराजपुर उपनगर स्थित जिले का प्रमुख तीर्थ स्थल त्रिवेणी संगम इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। प्रतिवर्ष जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व पर यहां स्नान-डुबकी का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसी अवसर पर विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन पर्व और मेले में अब बहुत कम समय शेष रहने के बावजूद संगम घाट में किसी भी प्रकार की तैयारी शुरू नहीं की गई है।**

जिससे स्थानीय श्रद्धालुओं में नाराजगी देखी जा रही है।त्रिवेणी संगम घाट पर पूर्व में पक्की सीढ़ियों का निर्माण कराया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को स्नान में सुविधा मिल सके। लेकिन नगर पालिका की उदासीनता के चलते साफ-सफाई और रखरखाव का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है।



पक्के घाट पूरी तरह मिट्टी और कीचड़ में दब चुके हैं। घाटों पर जमी गंदगी के कारण श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यदि समय रहते सफाई नहीं की गई तो मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालुओं को कीचड़ वाली जगह में स्नान करने को मजबूर होना पड़ेगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि घाटों पर रंग-रोगन और मरम्मत की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जगह-जगह जमा कीचड़ दुर्घटना को भी न्योता दे रही हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जो चिंता का विषय है।त्रिवेणी संगम केवल स्नान और मेले का ही नहीं, बल्कि अस्थि विसर्जन का भी प्रमुख स्थल है। दूर-दराज से लोग अपने परिजनों की अस्थियों का विसर्जन करने यहां आते हैं। बावजूद इसके, प्रमुख मार्गों और घाट क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। अस्थायी दुकानें और ठेले लगने से रास्ते संकरे हो गए हैं, जिससे आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। कई बार तो श्रद्धालुओं को भीड़ और अव्यवस्था के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका और संबंधित विभागों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मकर संक्रांति मेले के अलावा आगामी दिनों में इसी तीर्थ स्थल पर नर्मदा जयंती महोत्सव का भी आयोजन होना है। ऐसे में यदि अभी से व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है।श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगो ने मांग की है कि त्रिवेणी संगम घाट की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, पक्के घाटों से मिट्टी हटाई जाए और रंग-रोगन सहित आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाकर मार्गों को सुगम बनाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।लोगों का कहना है कि त्रिवेणी संगम जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। ऐसे पवित्र स्थल की उपेक्षा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारी जागरूक नहीं हुए तो मकर संक्रांति और नर्मदा जयंती जैसे पावन पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक नींद से जागकर इस महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल की सुध लेता है।

# अरविंद कुशराम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** संगठन सृजन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई हैक जिसमे घुघरी ब्लॉक से अरविंद कुशराम को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया कुशराम संगठन के प्रति लगन से कार्य करते हुए सभी के बीच समन्वय स्थापित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रखते है जिला मंडला के प्रभारी किरण अहिरवार बिछिया विधान सभा प्रभारी माननीय द्रोप किशोर मरावी माननीय डॉ अशोक मर्सकोले जिला अध्यक्ष मंडला के अनुशंसा एवं नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया की सहमति से ऐसे कार्यकर्ता को शीर्ष नेतृत्व ने पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया है इस नियुक्ति पर माननीय कमल मरावी जी प्रादेश महासचिव आदिवासी कांग्रेस माननीय नेतराम साहू विधायक प्रतिनिधि घुघरी गीता मरावी जिला पंचायत सदस्य सिहारे करचम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत घुघरी अमर मांडवे दरबारी नरते शालिक करचम फूल सिंह मरावी अरविन्द झरिया संजू पटेल पंकज झरिया मोहन यादव मेवा धुर्वे राजा पट्टा राजेश पट्टा रुक्मिणी सोनवानी जानकी कुशमरिया गंगा पट्टा फूलवती मरावी मनोज सोनवानी अतुल सोनी मनीष चौधरी देवेन्द्र दीक्षित सुख चेन मरावी हमी मरावी सुरेश भांडे विश्वराज आमों झनक धुर्वे संजय खान माया मरावी रघुवीर अग्निहोत्री दिनेश चौकसे प्रकाश पाठक सुद्ध मरावी दुर्गा धूमकेती गणेश परस्ते जागेश्वर धार अमरु धुर्वे सुरेश धुर्वे अशोक अहिरवार सरवन धुर्वे शेख शाकिर निरंजन धारवैया बाबू दास पड़वार आसवन खैरवार निरोत्तम रवि शंकर भारतीय शिव केराम अंतराम साहू अनिल धुर्वे फागू बैरागी हेमंत परते सहित समस्त बी एल ए मंडलम सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है

# खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन में संलिप्त दो वाहन जप्त

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निदेशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निदेशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियों की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर मंगलवार को चिरईडोंगरी-नैनपुर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज मुरूम के अवैध उत्खनन में संलिप्त दो वाहन ट्रेक्टर न्यू महिन्द्रा एवं एक न्यू जे.सी.बी. मशीन को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में दिया गया तथा (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। यह कार्यवाही खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।



# सांदीपनी स्कूल परिसर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया गया अतिक्रमण

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निदेशानुसार नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग तथा शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर के लगे क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में नायब तहसीलदार श्री रामसिंह उलाड़ी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा निमार्णाधीन महर्षी सांदीपनी स्कूल सागर के परिसर में बाउंड्रीवॉल से लगे हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम मनोट जर में भी अतिक्रमण हटाया गया। संपूर्ण कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला श्रीमती सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में की गई।

# मंडला जिला अस्पताल में हंगामा नर्सिंग ऑफिसर से मारपीट

## सीसीटीवी फुटेज आया सामने, अस्पताल कर्मियों ने किया काम बंद



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिला अस्पताल में बुधवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक मरीज के परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात मेल नर्सिंग ऑफिसर के साथ मारपीट कर दी। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। मारपीट की पूरी वारदात अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका फुटेज सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। घटना के विरोध में अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने कामकाज ठप कर दिया और सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की मांग की। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पीड़ित नर्सिंग ऑफिसर राकेश सिंह राजपूत ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सिन्धी समाज में विवाह आयोजनों को लेकर बड़ा फैसला, 1 जनवरी 2026 से नई व्यवस्था लागू

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** सामाजिक सरोकार सिन्धी समाज में विवाह आयोजनों को लेकर निर्णय अनुशासन, मयार्दा और संस्कारों को सशक्त करने नई समय-सारिणी लागू श्री पूज्य सिन्धी पंचायत, मंडला की कार्यकारिणी बैठक 15 दिसंबर 2025 को सम्पन्न हुई, जिसमें समाजहित को ध्यान में रखते हुए वैवाहिक आयोजनों से जुड़े अनुशासनात्मक एवं संस्कारात्मक सुधारों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पंचायत का उद्देश्य विवाह जैसे पवित्र संस्कार को सादगी, गरिमा और पारंपरिक मूल्यों के अनुरूप आयोजित करना है। बैठक में तय किया गया कि



विवाह कार्यक्रमों में अनावश्यक विलंब, शोर-शराबा एवं मयार्दा भंग करने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु स्पष्ट समय-सारिणी लागू की जाएगी। इसके अंतर्गत– महिला संगीत (लाडा) का आयोजन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जाएगा। रामसत प्रातः 10:30 बजे तथा मुकुट बंधन दोपहर 12 बजे सम्पन्न होगा। दूल्हे का प्रवेश पैदल, केवल निकट संबंधियों के साथ शालीन एवं मर्यादित तरीके से किया जाना अनिवार्य रहेगा। जानिवासा का समय दोपहर 3 बजे निर्धारित किया गया!



# 21 हजार का अवैध मादक पदार्थ गांजा पुलिस ने किया जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** थाना कोतमा की पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा 2.70 किलो ग्राम कीमती 21000/- रुपए एवं 02 नग मोबाईल जप्त कर ,दो आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पचखुरा पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति खड़ा होकर मोबाईल पर किसी व्यक्ति से अवैध गांजा खोड़री नं0 01 तरफ से लाने की बात कर रहा है । मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम कार्यवाही करते हुए रेड़ कार्यवाही हेतु रवाना किया गया तो एक व्यक्ति ग्राम खोड़री तरफ से ग्राम पचखुरा तरफ हाथ मे बोरी में कुछ लिये आते दिखा जो ग्राम पचखुरा पानी की टंकी के पास रोड पर पहुंचकर रोड पर खडे व्यक्ति को बोरी दे रहा था जिन्हे कोतमा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ गया जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला थाना कोतमा का होना बताया, जिनकी तलाशी ली गई जिनके पास रखे बोरी की तलाशी पर बोरी के अंदर खाकी रंग के टेप से चिपके हुए दो पैकेट मिले दोनो पैकेटो को खोलकर देखा गया, जिसके अंदर कली दार मादक पदार्थ गांजा पाया जाने पर आरोपी राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला थाना कोतमा के विरूध्द धारा 08/20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर उनके कब्जे अवैध मादक पदार्थ गांजा 02.70 किलो ग्राम कीमती 21000/- रुपए एवं 02 नग मोबाईल जप्त किया गया एवं गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।



# 1580 किलोग्राम अवैध कोयला वाहन सहित जप्त कर हुई कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** बिजुरी पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन करते पिकअप वाहन को जप्त कर कार्यवाही की गयी। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन क्र एमपी 65 जीए 1060 मे चोरी का कोयला लेकर बिजुरी तरफ से मौहरी की तरफ जाने वाला है, मुखबिर की सूचना पर थाने के स्टाप की मदद से संदेही पिकअप वाहन को रोककर वाहन की तलाशी ली गयी जिसम 90 बोरियो मे कुल 1580 किलोग्राम अवैध कोयला बरामद हुआ, जिस पर पिकअप वाहन चालक वीरेन्द्र पाण्डेय पिता जगदीश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी से कोयले एवं परिवहन के संबंध मे दस्तावेज चाहे गये जिसके कोई वैध दस्तावेज नही मिला, जिस पर पिकअप वाहन को विधिवत जप्त किया जाकर थाना सुरक्षार्थ खडा किया गया। वाहन चालक वीरेन्द्र पाण्डेय पिता जगदीश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी तथा वाहन स्वामी सागर मिश्रा पिता जमुना प्रसाद मिश्रा उम्र32 वर्ष निवासी मौहरी थानगांव थाना बिजुरी के विरुद्ध अपराध क्र 422/25 धारा 303(2) बीएनएस 4/21 खनिज अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

# थाना प्रभारी के पुत्र ने CLAT में हासिल की बड़ी सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनते हुए कोतमा थाना प्रभारी रत्नांबार शुक्ल के पुत्र सृजन शुक्ला ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (उछअळ) में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। सृजन शुक्ला ने अखिल भारतीय स्तर पर 437वीं रैंक तथा मध्यप्रदेश में 37वीं रैंक प्राप्त कर उछअळ परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शुभचिंतकों और पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उछअळ एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा है, जिसके माध्यम से देश की प्रमुख नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (ठछव२) एवं अन्य शीर्ष विधि महाविद्यालयों में कानून के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। इस वर्ष आयोजित परीक्षा में लगभग 1 लाख 5 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि कुल मिलाकर करीब 8500 सीटें उपलब्ध थीं। इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सृजन शुक्ला द्वारा यह रैंक हासिल करना उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का प्रमाण है।। परिजनों ने बताया कि सृजन प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे हैं और उन्होंने नियमित अध्ययन व सही मार्गदर्शन के बल पर यह सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सृजन शुक्ला की इस सफलता से न केवल उनके परिवार का नाम रोशन हुआ है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिली है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एक बार फिर उन्हें बधाई दी है।

# एसपी बंगले के सामने दो दुकानदार के बीच हुई खुलेआम मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले में पुलिस का खौफ लोगों में खत्म होता नजर आ रहा है। इसका ताजा उदाहरण उस समय सामने आया जब जिले के पुलिस कप्तान के बंगले ठीक सामने और शहडोल जोन के डीआईजी कार्यालय के ठीक बगल में स्थित भगत सिंह परिसर में खुलेआम मारपीट की घटना हो गई। दुकान लगाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और लोग सरेआम एक-दूसरे पर टूट पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के बाद कुछ लोगों ने एक युवक को घेर लिया और लात-घूंसे व मुक्कों से जमकर पिटाई की। यह मारपीट कई मिनट तक चलती रही। घटना स्थल पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, बाद में कुछ लोगों ने हिम्मत



कर बीच-बचाव किया। हो-हल्ला सुनकर पास में मौजूद महिला थाना और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, जिनमें से एक पुलिसकर्मी ने हस्तक्षेप कर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया, तब जाकर मामला शांत हुआ। हैरानी की बात यह रही कि घटना पुलिस के अति संवेदनशील क्षेत्र में होने के बावजूद कोतवाली स्टाफ ने मीडिया से बातचीत में इस मामले की जानकारी से ही इनकार कर दिया। थाना प्रभारी से इस संबंध में संपर्क नहीं हो सका। वहीं मारपीट के दौरान कुछ लोगों ने वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे एक पुलिस आरक्षक को बस से कुचल दिया गया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने यातायात थाना प्रभारी संजय जायसवाल को निलंबित करने की मांग भी की थी और शहर की यातायात व्यवस्था पर सवाल उठाए थे।

# सांदीपनि विद्यालय ने विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक/औद्योगिक भ्रमण




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुढ़ार प्राचार्या रेवा रानी पांडे के निर्देशन में नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है।जहाँ एक ओर नवाचार युक्त रोचक अध्यापन छात्रों में ज्ञान का संचार कर रहा है वही दूसरी ओर अतिरिक्त पाठ्येत्तर गतिविधियां बच्चों में उत्साह भर रहीं है।इसी क्रम में व्यावसायिक प्रभारी हरेराम सिंह के मार्गदर्शन और व्यावसायिक प्रशिक्षक इंद्रभान सिंह के पर्यवेक्षण में व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत "इलेक्ट्रॉनिक एन्ड हार्डवेयर" विषय के विद्यार्थियों को अनुशासन प्रभारी परितोष सोनी और संजीत पांडेय द्वारा औद्योगिक/शैक्षणिक भ्रमण के लिए अनूपपुर जिले के चचाई स्थित "अमरकंटक ताप विद्युत गृह(पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड)" का भ्रमण कराया गया।इस अविस्मरणीय भ्रमण के दौरान पॉवर जनरेटिंग प्लांट के प्रशिक्षण प्रभारी एवं सहायक अभियंता संजय ढींगरा,कनिष्ठ अभियंता हर्षिका गुप्ता एवं कनिष्ठ अभियंता कुशवाहा द्वारा पावर जनरेटिंग,टरबाइन रोटेटिंग,डीएम वाटर की महत्ता,स्टेप अप ट्रांसफार्मर के कार्य आदि महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों का वृहद मार्गदर्शन किया गया साथ ही वहाँ संचालित मशीनरी और विभिन्न उपकरणों से रूबरू भी कराया। पावर प्लांट की पूरी टीम द्वारा जहाँ एक ओर छात्रों को विद्युत उत्पादन से संबंधित हर एक छोटे-बड़े पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया वही दूसरी ओर हमारे विद्यालय के बच्चों में उनके अनुशासन और विद्यालय प्रबंधन की सराहना की गई। प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने पावर प्लांट के सभी अधिकारियों का इस ऐतिहासिक भ्रमण सह प्रशिक्षण के लिए आभार व्यक्त किया है।

# कार दुर्घटना में तीन की हुई मौत दो की हालत गंभीर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर खैरा मोड ताला मार्ग पर एम पी 17 सी ए 5098 सिटी होंडा कर की दुर्घटना होने से कर में सवार पांच लोग घायल हुए थे, जिनमें तीन को जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, इसके अलावा दो अन्य घायल गंभीर होने की वजह से जिला अस्पताल से रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में अस्पताल चौकी प्रभारी की ने दी एक जानकारी के अनुसार रात को 1:00 बजे के लगभग पांच लोग उमरिया से कार में सवार होकर ताला जा रहे थे, जहां खैरा मोड़ के नजदीक ही चट्टान से टकराकर पुलिया के ऊपर से होती हुई कर आनियंत्रित गति से



चार पांच पलटी खाते हुए सीधी होकर सड़क मार्ग से 100 मीटर दूर जाकर खाई में गिर गई, जिसमे तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रेहान अंसारी पिता वकील अंसारी उम्र 17 इमरान अंसारी पिता इम्तियाज मोहम्मद उम्र 18 साल सलमान पिता रहमान उम्र 23 साल की दुर्घटना में मौत हो गई, दो अन्य घायल जिन्हें जिला अस्पताल से रेफर किया गया जिसमे शाहिद अंसारी पिता अब्दुल रब्बानी उम्र 26 साल आजाद पिता अब्दुल शरीफ उम्र 19 साल जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# तेज रफ्तार कार चाय की दुकान में घुसी, स्कूटी सवार युवती व एएसआई घायल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज चौराहे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती और मेडिकल कॉलेज चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब रायपुर से रीवा की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक कार मेडिकल कॉलेज चौराहे के पास पहुंची। पुलिस के अनुसार, स्कूटी सवार युवती मेडिकल कॉलेज की ओर से बस स्टैंड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अचानक स्कूटी कार के सामने आ गई। युवती को बचाने के प्रयास में कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगी एक चाय




की गुमटी में जा घुसी। इस गुमटी पर उस समय मेडिकल कॉलेज चौकी में तैनात एएसआई भैरव सिंह चाय पीने बैठे हुए थे, जिन्हें इस हादसे में मामूली चोटें आई हैं। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के शीशे में गोमती में लगी बड़ी लकड़ी आर पार हो गई। घटना में स्कूटी सवार युवती भी घायल हुई है, वहीं कार चालक को भी हल्की चोटें पहुंची हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

# नेशनल लोक अदालत में 271 लंबित प्रकरणों का हुआ निपटारा, फूलमाला पहनाकर जोड़े को मिला आशीर्वाद

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** विधिक सेवा समिति, बुढ़ार की अध्यक्षता मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त न्यायालयीन प्रकरणों में बुढ़ार न्यायालय के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारी गढ़ एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। साथ ही नेशनल लोक अदालत के दिन शासन के समस्त विभाग बैंक नगरपालिका, विद्युत विभाग, लोक अदालत में उपस्थित रहे। जहां चारों कोर्ट मे 271 मामले आपसी समझाइस के आधार पर निपटे। न्यायालय सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश बुढार के यहां लंबित प्रकरण धारा 13 हिन्दू विवाह



अधिनियम 1995 अंतर्गत (आर सीएसएचएम) (श्रीमती अलंकृता बनाम आर.नवीन कुमार) में तथ्य यह है कि उभयपक्ष का विवाह हिन्दू विधि से 12.12.2018 को सम्पन्न हुआ परन्तु विवाह के 4 साल बाद उभयपक्ष के मध्य वैचारिक मतभेद होने से उभयपक्ष का एकसाथ रहना कठिन हो गया है जिस पर दोनों बच्चों को कोर्ट द्वारा समझाया गया और उसके उपरांत वह दोनों लोग आपस में राजीनामा करके नए सिरे से अपने वैवाहिक कर्तव्यों का पालन करने का वादा किया। दोनों को फूलमाला पहनाकर न्यायाधीश अग्रवाल ने आशीर्वाद दिया और पौधे सुलह के रूप में प्रदाय किया गया। इसके अलावा चल रहे दो केस जिसमें घरेलू हिंसा और भरण पोषण के केस में रुक्मणी चौधरी और उनके पति गंगा चौधरी ने आपसी राजीनामा किया और अब अपने विवाद को खत्म कर फिर से एक दूसरे के हो गए और एक साथ यह वादा किया कि वह दोनों लोग मिलकर भविष्य में वैवाहिक जीवन का पालन करेंगे जिस पर उनके अधिवक्ता अरविंद साहनी द्वारा एक पेड़ आपसी राजी नामा करने के लिए उपहार शुरू प्रदान किया गया।


## संपादकीय

# मोदी का नबीन प्रयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है। बेशक पार्टी संसदीय बोर्ड का हवाला देती रहे, लेकिन शीर्ष नेतृत्व और संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां प्रधानमंत्री मोदी ही तय करते हैं। कुछ मामलों में गृहमंत्री अमित शाह की सलाह भी ली जाती है। आरएसएस की सहमति भी अनिवार्य है, लेकिन बुनियादी तौर पर चयन मोदी ही करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक-दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय- के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं। जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह ह्यनबीनह्ण प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। अलबत्ता उनकी पहचान कभी ह्यराष्ट्रीयह्ण नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी शृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है। उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाममोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा ह्यशून्यह्ण है। बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके। वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। नबीन के सामने 2028-29 की राजनीतिक चुनौतियां भी गंभीर होंगी, क्योंकि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः मोदी प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहेंगे, लिहाजा एक वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता होगी। उसकी तैयारी भी 2026 से शुरू करनी पड़ेगी। बहरहाल पहली बार कोई बिहारी नेता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर पहुंचा है, लिहाजा बिहार का गदगद होना स्वाभाविक है। नबीन की छवि शालीन और जुझारू नेता की रही है। यह भाजपा में ही संभव है कि कोई अज्ञात, अनजान या कम चर्चित चेहरा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर पहुंच सकता है। नए अध्यक्ष का जिस तरह स्वागत हो रहा है, उससे पता चलता है कि पार्टी में नई नियुक्ति को लेकर काफी उत्साह है। अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा के अलावा कई पार्टी नेताओं ने नए अध्यक्ष को बधाई दी है। यहां तक कि दूसरे दलों में राष्ट्रीय जनता दल ने भी उनको बधाई दी है। नबीन संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेता हैं। आने वाले समय में कई राज्यों में चुनाव होने हैं। इन चुनावों में उनकी पहली परीक्षा होगी।

# महात्मा अब बापू बने, जिनके रूप अनेक!

(आलेख : संजय पराते)




रेवांचल टाइम्स झ इस देश में महात्मा केवल एक है – महात्मा गांधी, रघुपति राघव राजाराम वाले महात्मा गांधी। वहीं महात्मा गांधी, जो इस देश की बहुलतावादी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं और जिसके कारण गोडसे ने उनकी हत्या कर दी थी। इस देश में बापू अनेक है। आसाराम बापू हैं, मोरारी बापू हैं। बापूओं की फौज हैं और इनमें से लगभग सभी उस हिंदुत्व की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसके लिए संघी गिरोह जाना-पहचाना जाता है। कथावाचक बापूओं की इस भीड़ में कोई श्री 420 हैं, तो कोई अपनी आशिकी के लिए प्रसिद्ध और कोई बलात्कारी के रूप में जेल में भी है। हालांकि बापू महात्मा गांधी को भी कहते हैं, लेकिन इस शब्द का उच्चारण करते शायद ही उनकी छवि कभी दिमाग में उभरती हो। बापू के नाम से किसी संघी बापू का चेहरा ही मन में उभरता है। किसी का नाम बदलकर हत्या करना और इस तरह कि कोई इस अपकृत्य को साबित भी न कर सके, संघी गिरोह का जाना-पहचाना खेल है। गोडसे के जन्म दिन पर महात्मा गांधी की मूर्तियों पर गोलियां दागने से इनका मन नहीं भरा है, तो गांधीजी की हत्या का यह एक और तरीका ढूंढ निकाला गया है। मनरेगा अब पूबारेगा हो गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम संघी गिरोह ने अब बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना कर दिया है। धीरे से योजना के बोर्डों से महात्मा गांधी की तस्वीर कब उतर जाएगी और कब आसाराम या मोरारी बापू चढ़ जाएंगे, पता भी नहीं चलेगा। नामों को बदलना और काम की गुणवत्ता को गिराना – इस धर्मनिरपेक्ष देश को हिंदू राज में बदलने की पहली निशानी है।

महात्मा गांधी और मनरेगा संघी गिरोह के निशाने पर हमेशा से रहे हैं। आजादी के आंदोलन ने इस देश में जिस गंगा-जमुनी संस्कृति का विकास किया, महात्मा गांधी उसके सबसे बड़े प्रतीक हैं। 1925 में अपने जन्म के बाद से आज तक जो साम्राज्यवाद के तलुवे चाट रहे हैं, उनकी महात्मा गांधी से जन्मजात दुश्मनी इसलिए हैं कि जब-तब वे अपनी अदृश्य और कृश काया के साथ इस संघी गिरोह की हिन्दू राष्ट्र परियोजना के खिलाफ आकर खड़े हो जाते हैं। संघी गिरोह गांधीजी को उनकी इस हरकत के लिए कभी माफ नहीं करेगा, बल्कि गालियां-गोलियां दागता ही रहेगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वामपंथ की देन है। 2004-09 के दौरान इस देश में वामपंथ के समर्थन पर टिकी कांग्रेस की सरकार थी। चाहती तो, वामपंथी पार्टियां इस समर्थन का फायदा उठाकर अपनी तिजोरियां भर सकती थीं, जमीन-जायदाद बना सकती थीं और इस पर अरबों के हवामहल खड़े कर सकती थीं। पिछले 11 साल से भाजपा और आरएसएस और इस गिरोह से जुड़े दूसरे संगठन और लोग यही कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और मनमोहन सरकार पर दबाव डालकर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून, सूचना का अधिकार और आदिवासी वनाधिकार कानून जैसे कानून बनवाए। उस समय विपक्ष में रहते हुए भी भाजपा इन कानूनों के पक्ष में नहीं थी। सत्ता में आने के बाद उसने इन कानूनों को कमजोर करने की कोशिश की है, लेकिन इन कानूनों को खत्म करने का साहस वह कभी जुटा नहीं पाई। इन कानूनों के कारण ही उसने उस समय भी कहा था कि वामपंथ कांग्रेस सरकार को ब्लैकमेल कर रही है। बहरहाल, आज संसद से वामपंथ का दबदबा खत्म होने के बाद भी उसके दबाव में बनाए गए ये कानून भूत बनकर भाजपा के सामने खड़े हैं, जिसे वह न निगल पा रही है, न उगल पा रही है। एक समय था, जब भाजपा ने मनरेगा को गड्ढे खोदने वाली योजना बताते हुए औचित्यहीन करार दिया था। वह इसे कांग्रेस की विफलताओं का स्मारक बनाना चाहती थी। लेकिन यह दुनिया में रोजगार देने वाली सबसे बड़ी योजना साबित हुई और इतनी प्रभावशाली साबित हुई कि चाहते हुए भी अपने 11 सालों के राज में भाजपा इसे खत्म नहीं कर पाई। हां, बजट में हर साल कटौती कर-के, मजदूरी भुगतान में कई कई महीनों की देरी करके इसमें काम करने वाले मजदूरों को हतोत्साहित करके और नियमों में हेर-फेर करके ग्रामीणों को इस योजना के दायरे से बाहर धकेलने की कोशिश जरूर की है। एक जीवंत योजना को स्मारक में बदलने का भाजपा का यह तरीका है। इस योजना के क्रियान्वयन में लाख खामियां हों, लेकिन इस योजना के कारण ही ग्रामीण गरीबों की आय में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वतंत्र और सरकारी अध्ययन बताते हैं कि इस योजना ने गरीब ग्रामीणों की सामूहिक सौदेबाजी की ताकत को बढ़ाया है और चाहे मनरेगा में उसे रोजगार मिले या न मिले, मनरेगा से कम मजदूरी दरों पर अन्यत्र काम करने से उसने इंकार किया है। प्रभुत्वशाली सामंती वर्ग इसे अपने लिए गरीब ग्रामीणों की सीधी चुनौती मानता है, जिसे भाजपा और उसके समर्थक पचा नहीं पा रहे हैं और इस योजना के कारण गांवों में मजदूर न मिलने का हल्ला मचाते हुए इसके खिलाफ खड़े हैं। हमारे देश का सबसे धनी व्यक्ति 1236 करोड़ रुपए रोज कमा रहा है, जबकि मनरेगा में 8 घंटे हाड़-तोड़ काम करने वाले गांव के मजदूर को औसतन 200 रुपए ही मजदूरी मिलती है। सबसे गरीब और सबसे धनी व्यक्ति के बीच आय की असमानता 6.18 करोड़ गुना है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के लागू होने के बाद से आज तक इसकी मजदूरी दर असंगठित अकुशल श्रमिकों के लिए तय न्यूनतम मजदूरी दर से भी बहुत नीचे बनी हुई है और देश का किसान आंदोलन इस योजना में काम देने और मजदूरी दर 600 रुपए करने की मांग को लेकर निरंतर आंदोलन कर रहा है। कोरोना जैसे कठिन संकटकाल में, जब शहरों से गांवों की ओर बड़ी भारी संख्या में पलायन हुआ था, यही योजना गरीब ग्रामीणों के जिंदा रहने का सहारा बनी थी और कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई थी। मनरेगा का यही चरित्र आज भाजपा के निशाने पर है। यह एक योजना के नाम को बदलने का साधारण मामला नहीं है। दरअसल मोदी राज में एक अधिकारप्राप्त नागरिक को कृपापात्र प्रजा में बदलने की जो मुहिम चल रही है, यह नया नामकरण उसी की ओर एक बढ़ा हुआ कदम है। प्रसाद मिलना सौभाग्य की बात होती है। न मिले, तो भी नाराज नहीं होना चाहिए। इस योजना के नए नामकरण में ऐसा ही श्रद्धाभाव समाया हुआ है। इसी वर्ष 10अक्टूबर-14 नवम्बर के बीच एक माह में 27 लाख मजदूरों के नाम निष्क्रियता के आधार पर हटा दिए गए हैं, जबकि यह एक मांग आधारित योजना है। संदेश सीधा है : अब यह एक सार्वजनिक-सार्वभौमिक योजना नहीं, खैरात बांटने वाली योजना है, जिसके हितग्राहियों का चयन सत्ताधारी पार्टी की कृपा से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मूल योजना में महात्मा गांधी ग्रामीणों को मांगने पर रोजगार की गारंटी देते थे, लेकिन पूज्य बापू अब ऐसी कोई गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि नई योजना में ह्यगारंटीह्ण शब्द हटा दिया गया है। नई पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना के बारे में मोदी सरकार का पहला बड़ा प्रचार तो यही है कि रोजगार के दिनों की संख्या अब 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। यानी ग्रामीण मजदूरों को साल में ज्यादा दिनों तक काम मिलेगा। लेकिन कैबिनेट का यह निर्णय भरोसा इसलिए पैदा नहीं करता कि यह अब योजना अब काम की ह्यगारंटीह्ण नहीं देती और पुराना अनुभव यह बताता है कि ग्रामीण परिवारों को गारंटी के बावजूद औसतन 35-40 दिनों का ही काम मिला है। दूसरा बड़ा प्रचार है, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 240 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। यह ठीक वैसे ही प्रचार है, जैसे मजदूरों पर श्रम कानूनों की जगह श्रम संहिता को थोपते हुए किया जा साथ है। वास्तविकता यह है कि संसद की स्थायी समिति ने न्यूनतम मनरेगा मजदूरी 400 रुपए प्रतिदिन करने की सिफारिश की है, जिसे ह्यपूज्य बापूह्ण की आंखों से नजरअंदाज कर दिया गया है। आज भी कई राज्यों में मनरेगा मजदूरी केंद्र सरकार द्वारा घोषित इस न्यूनतम मजदूरी से ऊंची है। मसलन, इस समय हरियाणा में मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, तो छत्तीसगढ़ में 261 रुपए है। इसलिए मोदी सरकार द्वारा घोषित यह न्यूनतम मजदूरी कई राज्यों को इस रोजगार योजना केडी लिए मजदूरी कम करने या फिर लंबे समय तक उन राज्यों में चल रही मजदूरी दरों पर स्थिर रहने को प्रेरित करेगा। ग्रामीण रोजगार योजना के लिए केंद्र द्वारा घोषित 240 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी विभिन्न राज्यों में अकुशल श्रमिकों के लिए घोषित न्यूनतम दैनिक मजदूरी से तो बहुत नीचे तो है ही। विभिन्न राज्यों द्वारा अकुशल श्रमिकों के लिए जो न्यूनतम मजदूरी घोषित की गई है, उसके अनुसार यह दिल्ली में सबसे ज्यादा 18456 रुपए प्रति माह है, तो जम्मू कश्मीर में बहुत कम मात्र 8086 रूपए प्रति माह है। विभिन्न राज्यों का औसत लें, तो यह अकुशल मजदूरों के लिए 12485 रुपए प्रति माह बैठता है। इस हिसाब से ग्रामीण रोजगार योजना के लिए घोषित मजदूरी दर अकुशल मजदूरों के लिए घोषित न्यूनतम मजदूरी के अखिल भारतीय औसत से 42 प्रतिशत कम है। दिल्ली की तुलना में तो यह 61 प्रतिशत कम है और जम्मू-कश्मीर की तुलना में भी 11 प्रतिशत कम है।

इस प्रकार, गोदी मीडिया के सहारे मोदी सरकार द्वारा बहुप्रचारित दावों में थोड़ी-सी भी सच्चाई नहीं है। सरकारी रिकॉर्ड ही बताते हैं कि मनरेगा में काम करने वाले अधिकांश आदिवासी हैं, दलित हैं, पिछड़े वर्ग के हैं और महिलाएं हैं। इसलिए रोजगार की गारंटी हटने और अपने समकक्ष अकुशल मजदूरों की तुलना में बहुत कम मजदूरी पाने से प्रभावित होने वाले लोगों में यही ज्यादा है। मनुस्मृति भी सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के उत्पीड़न और उनके शोषण की ही हामी है। संघी गिरोह पर हमारे देश के गली-कूचों-सड़कों, शहरों-गांवों-स्टेशनों, योजनाओं और संस्थानों के नाम बदलने की सनक चढ़ी हुई है। वह इस देश को दुनिया के सामने ह्यहिंदू लुकह्ण देने पर आमादा है। इससे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने में भी मदद मिलती है। लेकिन मनरेगा को पूबारे करने से कोई फायदा नहीं मिलने वाला, क्योंकि लोगों की जुबां पर यह योजना मनरेगा है और मनरेगा ही रहेगी। मनरेगा को गरीब ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण का औजार बनाने और मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू करने का संघर्ष जारी रहेगा।

## राशिफल

मेष राशि :- मन में अशांति, किसी परेशानी से बचिए, कुटुम्ब की समस्याएं सुलझ जाएगी।

वृष राशि :- संवेदनशील होने से बचिएगा, नहीं तो अपने किए पर पछताना ही पड़ेगा, ध्यान रखे।

मिथुन राशि :- मानसिक कार्य में सफलता, सहयोग तथा संतोष होगा धन लाभ होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे।

कर्क राशि :- विरोधियों का समर्थन फलप्रद होगा तथा शुभ कार्य के योग अवश्य ही बन जाएगा।

सिंह राशि :- व्यवसायिक क्षमता अनुकूल रहे, स्थिति पूर्ण नियंत्रण पर बनी ही रहेगी, ध्यान रखे।

कन्या राशि :- सामाजिक कार्यो में प्रभुत्व प्रतिष्ठा वृद्धि होगी, धन लाभ आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा।

तुला राशि :- अधिकारी वर्ग से विशेष समर्थन फल प्राप्त होवे तथा रुके कार्य अवश्य ही बन जाएगे।

वृश्चिक राशि :- धन लाभ, कार्य कुशलता से संतोष होगा, पराक्रम एवं समृद्धि के योग बन जाएगे।

धनु राशि :- स्त्री शरीर चिन्ता, विवाद ग्रस्त होने से बचिएगा, रुके कार्य बनने के योग बनेंगे।

मकर राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक हो, दैनिक कार्य गति में सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

कुंभ राशि :- कार्य व्यवसाय में उत्तेजना, धन का व्यय तथा शक्ति निश्फल अवश्य होगी।

मीन राशि :- अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद होवे, सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

# 2025 में ऑन स्क्रीन जोडियों का जलवा



मुंबई। वर्ष 2025 में अभिनेता-अभिनेत्री की कई ऐसी जोडि?ँ सामने आई, जिन्होंने सिर्फ साथ काम नहीं किया, बल्कि ऐसे पल रचे जिन्हें दर्शकों ने दिल से महसूस किया। 2025 में सिनेमा के साथ-साथ कहानियों का अंदाज भी बदलता रहा, और इसमें ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने अहम भूमिका निभाई। इस साल कई ऐसी जोड़ियां सामने आईं जिन्होंने सिर्फ साथ काम नहीं किया, बल्कि ऐसे पल रचे जिन्हें दर्शकों ने दिल से महसूस किया। इन जोड़ियों के सीन लोगों ने पसंद किए, उन्हें याद रखा और थिएटर से बाहर निकलने के बाद भी उनकी चर्चा होती रही। कहीं सच्चा और गहरा प्यार दिखा, तो कहीं हल्की-फुल्की दोस्ती और अपनापन। इन ऑन-स्क्रीन जोड़ियों ने फिल्मों को भावनाओं से भर दिया और हर जगह बातचीत का हिस्सा बनीं। फिल्म छावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री गहरी भावनाओं और गंभीरता से भरी हुई नजर आई। विक्की की दमदार मौजूदगी के साथ रश्मिका की मजबूत और असरदार अदाकारी खूब जमी। दोनों का रिश्ता स्क्रीन पर बहुत सच्चा लगा, जैसे ये किरदार सच में उस दुनिया का हिस्सा हों। उनकी जोड़ी ने फिल्म की कहानी को और मजबूत बनाया और यही वजह रही कि साल भर उनकी केमिस्ट्री की खूब चर्चा होती रही। फिल्म सैयारा में अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी ने एक ताजा और मासूम प्यार की कहानी पेश की। दोनों का रिश्ता सच्ची भावनाओं, और सपनों से भरा हुआ लगा। उनकी केमिस्ट्री बनावटी नहीं लगी, बल्कि बिल्कुल नैचुरल महसूस हुई, जिससे कहानी और भी भरोसेमंद बन गई। इस फिल्म ने उन्हें एक नई और उभरती हुई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में सामने रखा, जिसे आगे देखना दिलचस्प होगा। फिल्म दे दे प्यार दे 2 में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी एक बार फिर हल्के-फुल्के अंदाज में नजर आई। फिल्म में प्यार को समझदारी और आज की सोच के साथ दिखाया गया है। उनकी केमिस्ट्री मजेदार बातचीत, अपनापन और सच्ची भावनाओं के साथ और खूबसूरत लगती है। दोनों का साथ स्क्रीन पर बिल्कुल नैचुरल लगा, जिससे यह फिल्म दर्शकों के दिल से जुड़ गई और प्यार व ज़िंदगी को सादे लेकिन असरदार तरीके से पेश कर पाई। फिल्म तेरे इश्क में में धनुष और कृति सेनन की जोड़ी ने गहराई और सादगी का खूबसूरत मेल दिखाया। धनुष का किरदार पूरी तरह से कहानी में डूबा हुआ नजर आया, वहीं कृति ने अपने किरदार की भावनाओं को धीरे-धीरे और बहुत सच्चे तरीके से सामने रखा। दोनों के बीच का प्यार न ज्यादा बनावटी लगा, न ही दिखावटी, बल्कि बिल्कुल दिल से जुड़ा हुआ महसूस हुआ। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फिल्म की भावनात्मक कहानी को मजबूत बनाया और दर्शकों के मन में लंबे समय तक असर छोड़ दिया।

फिल्म मेट्रो इन दिनों ने शहरों में बनने-बिगड़ने वाले रिश्तों को संवेदनशील तरीके से दिखाया, जिसमें आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान की जोड़ी ने कहानी को मजबूती दी। दोनों की सधी हुई केमिस्ट्री आज के दौर के प्यार को दिखाती है, जहाँ सपने, डर और भावनाएँ एक साथ चलती हैं। उनकी अदाकारी में सादगी थी, जिससे उनकी कहानी आज के दर्शकों को बेहद अपनी-सी लगी। वर्ष 2025 ने एक बार फिर साबित किया कि यादगार सिनेमा की जान अक्सर ऑन-स्क्रीन रिश्तों में होती है। इन जोड़ियों ने न सिर्फ अपनी फिल्मों को मजबूत बनाया, बल्कि ऐसी केमिस्ट्री दिखाई जो सच्ची, दिल से जुड़ी और दर्शकों को छू जाने वाली लगी।

# मॉडलिंग से आगाज, फिर बॉलीवुड की जान बन गए जॉन अब्राहम



मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और फिल्मकार जॉन अब्राहम आज 53 वर्ष के हो गए। केरल में 17 दिसंबर 1972 को जन्में जॉन अब्राहम ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की। इसके बाद उन्होंने कुछ विज्ञापन फिल्मों में भी काम किया। बतौर अभिनेता जॉन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म जिस्म से की। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिए हुए था बावजूद वह दर्शकों की सहानुभूति पाने में सफल रहे। महेश भट्ट निर्मित फिल्म जिस्म-2 में जॉन की जोड़ी विपाशा बसु के साथ काफी पसंद की गयी। फिल्म टिकट खिडकी पर सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ हीं जॉन को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता के लिए फिल्म फेयर द्वारा नामांकित किया गया।वर्ष 2004 में जॉन और विपाशा की जोड़ी वाली फिल्म एतबार प्रदर्शित हुई, लेकिन दर्शकों द्वारा नकार दी गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म धूम जॉन के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है। यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म में जॉन ने एक बार फिर से नेगेटिव किरदार निभाया। इस फिल्म में जॉन ने जबरदस्त बाइक स्टंट दृश्य कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फिल्म टिकट खिडकी पर सुपरहिट साबित हुई, साथ हीं उन्हें सर्वश्रेष्ठ नेगेटिव किरदार के लिए फिल्म फेयर की ओर से नामांकित भी किया गया। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म गरम मसाला में जॉन अब्राहम और अक्षय कुमार की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। वर्ष 2006 में जॉन की फिल्म जिंदा प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में भी जॉन ने नेगेटिव किरदार निभाया। हालांकि यह फिल्म टिकट खिडकी पर कोई खास कमाल नही दिख सक, लेकिन जॉन इसे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते हैं। वर्ष 2008 में प्रदर्शित फिल्म दोस्ताना जॉन के करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। करण जौहर निर्मित फिल्म दोस्ताना समालैंगिकता पर बनाई गई फिल्म थी। इस फिल्म में जॉन और अभिषेक बच्चन की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। फिल्म टिकट खिडकी पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म विक्की डोनर के जरिए जॉन अब्राहम ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। इस फिल्म के जरिए जॉन ने स्पर्म डोनेशन जैसे संजीदा विषय को दर्शकों के सामने पेश किया।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने समृद्ध ग्राहकों के लिए की आइवरी की पेशकश

UJJIVAN
UJJIVAN SMALL FINANCE BANK
Build a Better Life

जबलपुर। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नया बैंकिंग प्रोग्राम- आइवरी लॉन्च किया है, जो भारत के समृद्ध वर्ग के लिए तैयार किया गया है। यह आइवरी प्रोग्राम विशिष्ट रूरतें पूरी करने वाली सेवाओं को जीवनशैली की सुविधाओं के साथ जोड़ता है, जिससे बेहतर हस्तांतरण क्षमता, वैश्विक पहुँच और मुख्य बैंकिंग हस्तांतरण और सेवाओं पर शुल्क रहित बैंकिंग सेवा की सुविधा मिलती है। बड़े पैमाने पर किए गए उपभोक्ता शोध के आधार पर तैयार, आइवरी उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है, जो ऐसे वित्तीय समाधान चाहते हैं, जो उनकी जीवनशैली की आकांक्षाओं के अनुरूप हों। यह पेशकश डिजिटल बैंकिंग को बारीकी से तैयार अनुभवों के साथ जोड़ती है, जिसमें मनोरंजन और खाने-पीने (डाइनिंग) के लाभ शामिल हैं।।आइवरी सदस्यता (मेंबरशिप), क्लब मैरियट के जरिए विभिन्न किस्म की आतिथ्य सेवाएँ पेश करती है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 350 से ज्यादा प्रमुख मैरियट होटल में खाने-पीने और ठहरने के फायदों तक विशेष पहुँच प्रदान करती है। इस मेंबरशिप में एयरपोर्ट लाउंज की पहुँच, वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता और अधिक हस्तांतरण सीमा (ट्रांजैक्शन लिमिट) वाला प्रीमियम मेटल डेबिट कार्ड शामिल है। ग्राहकों को सालाना ओटीटी सब्सक्रिप्शन, तिमाही बुकमायशो वाउचर और पात्र हस्तांतरण (क्वालिफाइड ट्रांजैक्शन) पर अतिरिक्त रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलते हैं, जिनका उपयोग जीवन शैली और रिटेल से जुड़े प्रमुख ब्रांड की चीजों की खरीदारी के लिए किया जा सकता है। अतिरिक्त फायदों में शुल्क रहित मुख्य बैंकिंग सेवाएँ और हर सदस्य के लिए वैयक्तिकृत वित्तीय योजना और समर्थन के लिए प्रतिबद्ध रिलेशनशिप मैनेजर प्रदान करना शामिल है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रमुख, रिटेल लायबिलिटीज झ टीएएससी और टीपीपी, श्री हितेंद्र झा ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, "आज के समय में समृद्ध वर्ग को बेहतर बैंकिंग सेवा प्राप्त करने के लिए बहुत-सी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कई लोगों को उच्च बैलेंस की जरूरत, निरंतर सेवा प्राप्त न होने और सामान्य (जेनेरिक) रिवॉर्ड प्रोग्राम जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो उनकी जीवन शैली के साथ मेल नहीं खाता। आइवरी इन चुनौतियों का समाधान विशिष्ट रूप से तैयार सुविधाओं, प्रतिबद्ध रिलेशनशिप मैनेजर और शुल्क रहित मुख्य बैंकिंग हस्तांतरण और सेवाओं के जरिए करता है, जिसे सहज ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।"उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का आइवरी प्रोग्राम रिटेल बैंकिंग को बेहतर बनाने इसके प्रयास को दृढ़ता प्रदान करता है। प्रीमियम सुविधाओं से परे, यह बैंक के प्रति ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने, लम्बे समय के लिए संबंधों को बेहतर बनाए रखने और ग्राहक के सफर में हर उपलब्धि का जश्न मनाने के दृष्टिकोण को दशार्ता है।


आज ही बनाएं अपनी खुद की न्यूज वेबसाइट
NEW WEBSITE
बने न्यूज वेबसाइट के मालिक..
संपर्क करें
7415685293

भ्रष्ट पूर्व सरपंच रणजीत सिंह ठाकुर व सचिव शमशेर खान के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की होगी जांच

# खैरा पलारी पंचायत के भ्रष्टाचार का मामला जा पहुंचा लोकायुक्त

## शिकायतकर्ता अखिलेश बन्देवार ने की शिकायत लोकायुक्त ने लिया मामला संज्ञान, जांच जारी





**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** इन दिनों भ्रष्ट और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए प्रदेश सरकार अथक प्रयासों में लगीं हैं वहीं भ्रष्टाचार हावी होते नजर आ रहा है। वही निरंतर अखबारों एवं अन्य माध्यम से केवलारी जनपद एवं केवलारी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आए दिन भ्रष्टाचार को लेकर अखबारों मैं विशेष रूप से सुर्खियों में बनी रहती हैं। जिम्मेदार अधिकारी एवं प्रशासन को निरंतर आईना दिखाने की कोशिश करते रहते हैं समाजसेवी फिर भी कार्रवाई के नाम पर नाकाम ही सिद्ध हो रहा है प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारी वही कुछ जिम्मेदार अधिकारियों एवं सत्ताधारी राजनीतिक दलों का संरक्षण भी निरंतर दे रहा है संरक्षण जिसके चलते भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगाने में नाकाम है जिम्मेदार कार्यवाही ना होने के चलते भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। केवलारी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरा पलारी में वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। पंचायत में हुए गंभीर वित्तीय घोटालों को लेकर शिकायतकर्ता अखिलेश बन्देवार द्वारा लोकायुक्त में लिखित प्रमाणित शिकायत की है जिसके चलते लोकयुक्त द्वारा ममाला संज्ञान में लिया गया है और जांच प्रक्रिया जारी है। साथ ही यह स्पष्ट हो चुका है कि पंचायत में हुआ भ्रष्टाचार अब केवल आरोप नहीं, बल्कि जांच में सिद्ध तथ्य हैं। आरोप है।

### पंचायत को बनाया भ्रष्टाचार का केंद्र

शिकायतकर्ता अखिलेश बन्देवार द्वारा बताया गया कि पूर्व भ्रष्ट सरपंच रणजीत सिंह ठाकुर और पूर्व सचिव शमशेर खान ने अपने कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत खैरा पलारी को विकास का मंच नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का माध्यम बना दिया। साथ ही निर्माण कार्यों, भुगतान, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अभिलेखों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई, जिसकी शिकायतें लगातार प्रशासनिक कार्यालयों तक पहुँचती रहीं।

### शिकायतें हुई प्रमाणित

इस पूरे प्रकरण लम्बे समय से निरंतर की जा रही थी साक्ष्य मय लिखत शिकायतें परन्तु ना जिला कलेक्टर सिवनी ना जिला पंचायत सिवनी ना जनपद पंचायत केवलारी ना पुलिस अधीक्षक सिवनी ना आयुक्त कार्यालय जबलपुर ने प्रमाण मय शिकायतों के कार्यवाही करने में असक्षम रहे जिम्मेदार दस्तावेजों के साथ दी गई शिकायतें प्रमाणित भी हुईं, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि इसके बावजूद भ्रष्ट सचिव शमशेर खान और पूर्व भ्रष्ट सरपंच रणजीत सिंह ठाकुर पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासनिक स्तर पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई, एवं निरंतर संरक्षण मिलता रहा जिससे यह स्पष्ट होता है कि भ्रष्टाचार को कहीं न कहीं संरक्षण प्राप्त था।

### लोकायुक्त जांच से खुल सकते हैं बड़े राज

लंबे समय से हुई जिम्मेदार अधिकारियों पर शिकायत एवं लगातार अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता के बाद मामला लोकायुक्त तक पहुँचा। लोकायुक्त द्वारा संज्ञान लेने के बाद अब इस बात की पूरी संभावना है कि फर्जी कार्यों की पोल खुलेगी अवैध भुगतान सामने आएंगे जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आएगी।

### आदेशों का भी नहीं हुई पालन....

वहीं दूसरी ओर शासन द्वारा बनाए गए नियम कानून का भी नहीं हुआ पालन पंचायती एंव ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा 09 -12 - 2020 में एक आदेश पारित किया गया है जिसमें यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई भी सरपंच सचिव सरपंच रोजगार सहायक द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग कर राशि हड़पने का कृत्य करता है एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासकीय राशि का गमन करता है तो बिना वक्त गवाए अपराधियों के ऊपर अपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं एवं उक्त आदेश का सुगमता से निरंतर पालन हो वहीं जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसके बिलकुल विपरीत कार्य किया गया है अधिकारियों के द्वारा उल्टा संरक्षण में रखकर भ्रष्ट सचिव सरपंचों को शरण दी गई है एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है साथ मिलकर लाखों की की गई है हेरा फेरी जो इस बात को स्पष्ट प्रमाणित करताहै।

### इस संबंध इनका कहना है कि...

लंबे समय से सभी जिम्मेदार अधिकारियों को साक्ष्य मय लिखित शिकायत करने के बाद भी एवं आदेशों के बावजूद भी कार्रवाई न करना निश्चित रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा है। एवं जिम्मेदार अधिकारियों की नाकामी है जिसके चलते मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई है मैं जल्द ही न्यायालय की शरण भी लूंगा.....

**शिकायतकर्ता, अखिलेश बन्देवार**
**आरटीआई एक्टिविस्ट एवं समाजसेवी...**

# फाइनल में पहुंची प्रेस 11, सेमी फाइनल में हेल्थ 11 को हराया



सिवनी. भैरोगंज झूलेलाल कॉलोनी स्थित क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे टूनामेंट में बुधवार 17 दिसंबर को सेमीफाइनल मैच प्रेस 11 एवं हेल्थ 11 के मध्य खेला गया जिसमें प्रेस 11 ने धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है फाइनल मुकाबला शुक्रवार 19 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे खेला जाएगा. प्रेस 11 के कप्तान अयोध्या विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को टॉस जीतकर हेल्थ ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया. बल्लेबाजी करने उतरी प्रेस 11 टीम के ओपनर राजू विश्वकर्मा और आयान ने रिकार्ड साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 128 रन तक पहुंचाया जिसमें राजू ने 24 गेंद में 63 रन जिसमें पांच छक्के और 7 चौके शामिल है जबकि अयान ने 22 गेंद में 38 रन की शानदार पारी खेली जिसमें उन्होंने तीन छक्के और दो चौके भी लगाए. जबकि अमित ने 12 गेंद में 20 रन बनाए. बल्लेबाजी करने उतरी हेल्थ 11 की टीम सात विकेट खोकर मात्र 64 रन ही बना सकी. वही अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए राजू विश्वकर्मा को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट गेंदबाज का खिताब नंदन कटर को दिया गया. गेंदबाजी में वाहिद खान नरेंद्र ठाकुर अयोध्या विश्वकर्मा एवं आसिफ खान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रेस 11 को फाइनल में पहुंचाया. संजय अग्रवाल अजय मसब में बेहतरीन फील्डिंग की. इस मैच में टूनार्मेट की रिकॉर्ड 98 रनों की ओपनर साझेदारी प्रेस 11 द्वारा की गई. कप्तान अयोध्या विश्वकर्मा की रणनीति के चलते टीम को फाइनल में प्रवेश कराया. श्री विश्वकर्मा ने जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को दिया है.

खदान और होटलों पर दबिश, तड़के चार बजे घर में घुसी टीम

# भाजपा नेता अशोक विश्वकर्मा के ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा



अशोक विश्वकर्मा, भाजपा नेता

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कटनी में भाजपा नेता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा तथा उनके भाई शंकरलाल विश्वकर्मा के विभिन्न ठिकानों पर बुधवार तड़के आयकर विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और टैक्स चोरी की शिकायतों के आधार पर की जा रही है।**

सुबह करीब 4 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में जबलपुर और भोपाल से आए आयकर विभाग के 50 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। सुरक्षा बलों के साथ टीम ने अशोक विश्वकर्मा के निवास पर दबिश दी। कार्रवाई की गोपनीयता इतनी अधिक थी कि स्थानीय पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए अंतिम समय पर सूचित किया गया। बीएमसी विश्वकर्मा माइनिंग ग्रुप से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### व्यापारिक और निजी ठिकानों पर सर्चिंग

आयकर विभाग की टीमों ने विश्वकर्मा परिवार के कई व्यापारिक और निजी ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इनमें जालपा देवी वार्ड, गौतम मोहल्ला स्थित तीन मकान और मुख्य कार्यालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, टिकरिया स्थित बॉक्साइट खदानें, माइनिंग से जुड़े अन्य ठिकाने, बरगवां स्थित होटल परिसर और शहर में स्थित पानी की फैक्ट्री में भी दबिश दी गई। अधिकारियों ने इन सभी स्थानों पर किसी के भी अंदर या बाहर आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

जांच का मुख्य फोकस 'आय से अधिक संपत्ति' और माइनिंग कारोबार में हुए टर्नओवर पर है। टीमें बैंक खातों, लॉकर, जमीन के दस्तावेजों और पिछले कुछ वर्षों के आयकर रिटर्न का बारीकी से मिलान कर रही हैं। बताया जा रहा है कि भारी मात्रा में डिजिटल डेटा और फाइलें भी जब्त की गई हैं। फिलहाल, आयकर विभाग के अधिकारियों ने कोई भी आधिकारिक बयान देने से इनकार किया है। जब्त किए गए दस्तावेजों की संख्या और ठिकानों के विस्तार को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जांच देर रात या कल तक भी जारी रह सकती है।



कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर

## संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जारी

# गोदाम में अवैध रूप से भंडारित धान एवं गेहूँ जब्त

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बुधवार को संयुक्त जांच दल द्वारा बड़वारा तहसील में औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से भंडारित धान एवं गेहूँ जब्त किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर गठित खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा ग्राम अमाड़ी में किसान भारती बीज उत्पादक सहकारी सोसाइटी समिति मर्यादित अमाड़ी में 1466 बोरी में भंडारित 586.40 क्विंटल धान जब्त किया। वहीं गुप्ता ट्रेडर्स के गोदाम में 1256 बोरियों में अवैध रूप से भंडारित 502.40 क्विंटल धान एवं 78 बोरियों में रखा 31.20 क्विंटल गेहूँ जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये संबंधित की सुपुर्दगी में सौंपीं गई। संबंधितों से धान उपज के संबंध में अभिलेख भी मांगें गये है। समर्थन मूल्य पर धान बिक्री का अनुचित लाभ लेने वाले व्यापारियों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर है। प्रायः हर दिन संयुक्त जांच दल द्वारा कार्यवाहियों का सतत सिलसिला जारी है। आगे और भी बड़ी कार्रवाइयां प्रस्तावित हैं। इस कार्यवाही में तहसीलदार ऋषि गौतम, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री यज्ञदत्त त्रिपाठी व मंडी सहायक उपनिरीक्षक श्री विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक हुई सम्पन्न

## किसानों ने कई खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा । किसानों की धान खरीदी केंद्रों में स्लॉट बुक नही होने से किसान अपनी समस्याओं को लेकर कही तहसील कार्यालय तो कही खरीदी केंद्र तो कही कलेक्ट्रेट का चक्कर लगा रहे है लेकिन कही से किसानों को निजात मिलते नजर नही आ रहा है। जिसे लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की कार्यालय बकिया रोड खारा हाउस में सम्पन्न हुई। इसके साथ ही अन्य मुद्दे को लेकर भी चर्चा की गई है।**

बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता वीरभद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में किसानों के धान विक्रय का लगभग 50 प्रतिशत पंजीयन असत्यापित कर दिया गया है, जिसके कारण बड़ी संख्या में किसानों का धान विक्रय नहीं हो पा रहा है और किसान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि किसान जब धान तौल कर कम्प्यूटर केन्द्रों पर फीडिंग कराने जाता है, तो कई बार कम्प्यूटर प्रणाली में फीडिंग नहीं हो पाती है। इस तकनीकी अव्यवस्था के कारण किसानों को बार-बार केन्द्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते निराकरण नहीं किया गया, तो संगठन को मजबूरन आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। बैठक के पश्चात भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह की अगुवाई में खरीदी केन्द्र सेमरिया, मझियार एवं खारा का दौरा किया गया। सेमरिया खरीदी केन्द्र पर उपस्थित किसानों से चर्चा के दौरान किसानों ने बताया कि जब वे अपनी धान विक्रय के लिए खरीदी केन्द्र लाते हैं, तो वहां के कर्मचारियों द्वारा यह कहकर धान को खराब बताया जाता है तथा धान खरीदी के बदले एक-एक हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है। किसानों ने आरोप लगाया कि घूस देने के बाद ही उनकी धान की खरीदी की जाती है। इसी प्रकार अन्य खरीदी केन्द्रों पर भी किसानों ने कई प्रकार की समस्याओं से संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। सभी खरीदी केन्द्रों पर यह समस्या भी सामने आई कि केन्द्रों में पहले से रखी धान का समय पर उठाव नहीं किया जा रहा है। धान का उठाव न होने के कारण खरीदी केन्द्रों में जगह खाली नहीं हो पा रही है जिससे नए किसानों की धान खरीदी में अनावश्यक देरी हो रही है और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला रीवा के जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह, किसान नेता वीरभद्र सिंह, ब्लॉक प्रवक्ता अशोक सिंह कुशवाहा, तहसील प्रवक्ता छोटेलाल तिवारी, तहसील संगठन मंत्री इन्द्रजीत सिंह, दिनेश सिंह, उमेश पाण्डेय, लालमणि सिंह, तहसील अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, संतभान सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान नेता एवं किसान उपस्थित रहे।

दैनिक रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक
डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें
संवाददाता भी नियुक्त करना है
प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320
प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.

# रीवा शहर में लगातार जाम की स्थिति, यातायात व्यवस्था ध्वस्त जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** रीवा शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव के बीच लोगों को जाम से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार यातायात अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल हो रही है। पुराने बस स्टैंड, कॉलेज चौक, संजय गांधी अस्पताल रोड, नया बस स्टैंड, सिरमौर चौराहा,अमहिया रोड में प्रतिदिन घंटों तक वाहनों की लंबी लंबी कतारें देखने को मिलती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि शहर की यातायात व्यवस्था संभालने वाली टीम और यातायात टीआई मौके से नदारद रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यातायात प्रभारी और सूबेदार शहर के महत्वपूर्ण चौराहों पर तैनात होने की बजाय बाईपास पर ओवरलोड ट्रकों की गिनती में लगे हुए रहते हैं। इस कारण शहर के भीतर ट्रैफिक पूरी तरह अव्यवस्थित हो जाता है जिस कारण आम नागरिकों को रोजाना भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आमजन मानस का कहना है कि रीवा शहर की यातायात व्यवस्थाएं बदहाल होती चली जा रही है ऑटो वालो की मनमानी देखने को मिलती रहती है ऑटो वाले बीच सड़क में खड़े करके सवारी भरते और उतारते भी है उनपर कोई लगाम नही लगाया जा रहा है। जाम के कारण प्रतिदिन एंबुलेंस, स्कूल के वाहन तक फस जाते है। जिस कारण ऑफिस जाने वाले अधिकारियो और कर्मचारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यही है कि क्या रीवा को कभी जाम से राहत मिलेगी या यातायात विभाग की लापरवाही किसी बड़ी जानलेवा घटना का कारण बनेगी?


# जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 1 लाख 32 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में बुधवार 17 दिसंबर तक कुल 14 हजार 918 कृषकों से अब तक 1 लाख 32 हजार 283 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 48 हजार 734 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 67 हजार 707 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। सा?थ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 59.63 रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 2814 किसानों से 26 हजार 262 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 3054 किसानों से 21 हजार 920 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 2363 किसानों से 19 हजार 742 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 1821 कृषकों से 15 हजार 820 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।





क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार
सुबह 11 बजे से 2 बजे तक



दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज
- कील मुहाँसे का सफलतम ईलाज
- चेहरे का साँवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
- तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
- चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
- सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
- काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
- एलर्जी, एग्जिमा,शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
- चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा

रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# मप्र में फिर शीतलहर का दौर... 22 जिलों में रहा कोहरा

## दिल्ली से आने वाली ट्रेनें 1 से 2 घंटा लेट; इंदौर में 4.9 डिग्री रहा पारा

भोपाल। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ मध्यप्रदेश में फिर से कोल्ड वेव यानी, शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भोपाल, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर-सीहोर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर समेत 22 जिलों में कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट भी डिले हो रही हैं। खासकर दिल्ली से भोपाल, इंदौर आने वाली ट्रेनें 1 से 2 घंटा तक लेट है। मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया था। जिसका असर देखने को मिला। खासकर सुबह के समय कई शहरों में घना कोहरा रहा।

ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंडला, रीवा, सतना में 1 से 2 किलोमीटर तक विजिबिलिटी रही। वहीं, भोपाल, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव, मलाजखंड, दतिया, गुना, इंदौर, रतलाम में 2 किमी के बाद कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरा छाने के दौरान वाहनों को सावधानी से चलाने की समझाइश भी दी गई। शाजापुर में इतना कोहरा था कि 50 मीटर के बाद कुछ भी नहीं दिख रहा था। इससे पहले मंगलवार की सुबह छतरपुर के नौगांव में 500 से 1 हजार मीटर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खजुराहो-मंडला में 1 से 2 किलोमीटर, इंदौर, राजगढ़, सागर, उज्जैन, जबलपुर-गुना में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता दर्ज की गई। रायसेन, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास समेत कई जिलों में भी घना कोहरा दर्ज किया गया।

**2 दिन में 35 से ज्यादा ट्रेनें लेट, रेलवे बोला- धीमी गति से चला रहे**

दिल्ली तरफ और उत्तर भारत में घने कोहरे और खराब मौसम का असर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी रेल यातायात पर देखने मिला। दिल्ली की ओर से भोपाल आने वाली कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर पड़ा, जिनमें कुछ ट्रेनें 6 से 7 घंटे तक लेट रहीं। इससे यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा।

रेल अधिकारियों के अनुसार, कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई है। हालांकि, ट्रेनों में एंटी फॉग डिवाइस लगाए गए हैं, लेकिन उनका असर उतना कारगर नहीं हो पा रहा है, जितना अपेक्षित था। इसी वजह से ट्रेनों की गति कम रखनी पड़ रही है, जिससे देरी बढ़ रही है। बुधवार सुबह भी कई ट्रेनें लेट आईं। पचमढ़ी में मंगलवार सुबह तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मैदानी इलाके हवाई पट्टी गोल्फ कोर्स झील इलाकों में ओस बर्फ की चादर की तरह जम गई। पचमढ़ी में मंगलवार सुबह तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मैदानी इलाके हवाई पट्टी गोल्फ कोर्स झील इलाकों में ओस बर्फ की चादर की तरह जम गई।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विधानसभा की गौरवशाली यात्रा के दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

## विधानसभा के विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा के इतिहास और प्रदेश के विकास पर आधारित है प्रदर्शनी



भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बुधवार को विधानसभा के विशेष सत्र के अवसर पर ह्लमध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक के इतिहास के पल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का "अभ्युदय मध्यप्रदेश- विकास और सेवा के दो वर्षह्व विषय पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने ह्लमध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक के इतिहास के पलह्व प्रदर्शनी का फीता खोल कर शुभारंभ किया। उन्होंने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में आयोजित चित्र प्रदर्शनी के एलबम का भी लोकार्पण किया और प्रदर्शनी के चित्रों का अवलोकन किया। उन्होंने ऐतिहासिक, दुर्लभ चित्र संकलन और प्रस्तुतिकरण की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का "अभ्युदय मध्यप्रदेश- विकास और सेवा के दो वर्षह्व विषय पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के विधानसभा आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्रीगण, विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रथम सत्र के 70 वर्षों के उपलक्ष्य में विशेष सत्र का आयोजन किया गया है। मध्यप्रदेश विधानसभा के सात दशकों की गौरवशाली यात्रा के दुर्लभ चित्रों की आकर्षक प्रदर्शनी विधानसभा के सेंट्रल हॉल में लगाई गई है। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक के इतिहास के 135 दुर्लभ चित्रों का संयोजन किया गया है। इसी तरह जनसंपर्क विभाग द्वारा विधानसभा प्रांगण में 90 पेनलों की आकर्षक विकास प्रदर्शनी लगाई गई है।

# मंत्री विजयवर्गीय बोले- सीएम सूट-बूट में आए, हम गरीबों जैस

## कांग्रेस ने कहा- दिल की बात जुबां पर आई; विधानसभा के विशेष सत्र में लगे ठहाके



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा ने अपनी स्थापना के 69 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर बुधवार (17 दिसंबर) को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया है। सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के किए गए कामों और योजनाओं के जरिए आगामी समय में किए जाने वाले कामों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने सूट-बूट पहनकर सदन में आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री सूट-बूट में आ गए हैं और हम मंत्री-विधायक लोग गरीबों जैसी वेश-भूषा में हैं। विजयवर्गीय की इस बात पर सदन में ठहाके लगे। विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि, दिल की बात जुबां पर आ गई। कहीं न कहीं यह पीड़ा है कि मुख्यमंत्री अपने मंत्री-विधायकों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। आज तो विजयवर्गीय ने सदन में यह कह ही दिया। इससे पहले, चर्चा की शुरूआत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नेता भी है, नीति भी है, बस नीयत होनी चाहिए। सिर्फ घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। सिंघार ने स्पष्ट किया कि 2047 से पहले हमें 2026 की गारंटी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि अपनी घोषणाओं को पूरा करने की गारंटी दीजिए।

**मनरेगा योजना का नाम बदलने पर नारेबाजी**

सत्र की शुरूआत से पहले ही मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, एक तरफ मोदी गांधी के चरखे चलाने की बात करते हैं। दूसरी तरफ महात्मा गांधी के नाम पर जो मनरेगा योजना थी, उस योजना में पैसा डालना बंद कर दिया। अब योजना का नाम बदलना चाहते हैं। क्या इन्हें बापू से डर लगता है?

# रतलाम के जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

## कहा-पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र के दायित्व निभाने के कारण काम नहीं कर पा रहा

भोपाल। आलीराजपुर के बाद रतलाम ग्रामीण के जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को इस्तीफा भेजा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र के दायित्व के निर्वहन के कारण वे काम नहीं कर पा रहे हैं। जीतू पटवारी दिसंबर 2023 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। इसके करीब 18 महीने बाद अगस्त 2025 में उन्होंने 71 जिला अध्यक्षों की घोषणा की थी। इसमें हर्ष विजय गहलोत का भी नाम शामिल है। उन्हें पहले से रिक्त रतलाम ग्रामीण का अध्यक्ष बनाया गया था। नियुक्ति के करीब 4 महीने बाद ही गहलोत ने पद से इस्तीफा दे दिया। 6 दिसंबर को आलीराजपुर के जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश पटेल ने इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने लिखा था कि व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास किया है।

**एक दिन पहले ही हुई ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 2 साल का कार्यकाल पूरा करते हुए मंगलवार को ही 780 ब्लॉक और उप ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। नियुक्ति के दूसरे ही दिन रतलाम जिला अध्यक्ष का इस्तीफा आ गया।

**कहीं न कहीं नियुक्ति में चूक हुई :** कांग्रेस जिला अध्यक्षों के इस्तीफा को लेकर बड़वानी के कांग्रेस विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान में इतनी लंबी प्रक्रिया करके नियुक्तियां हुई और उसके बाद अध्यक्ष यदि इस्तीफा दे रहे हैं तो कहीं ना कहीं इसमें चूक है। हालांकि वे यह भी कहते हैं कि ऐसे मामलों पर संगठन संज्ञान लेगा।

# जिंदा बच्ची का सिर कमोड में फंसाकर 'हत्या'

## फेफड़ों में पानी भरा; छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में टॉयलेट शीट तोड़कर शव निकाला




छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के परासिया सिविल हॉस्पिटल के टॉयलेट में मिली नवजात बच्ची के मामले में खुलासा हुआ है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि बच्ची को मरा हुआ समझकर नहीं, बल्कि जिंदा ही कमोड में फ्लश किया गया था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची के फेफड़ों और पेट में पानी भरा था। यानी, कमोड में गिरने से पहले उसकी सांसें चल रही थीं और डूबने से उसकी मौत हुई। पुलिस की जांच में सामने आया है कि सोमवार को ओपीडी में 15 गर्भवती महिलाएं चेकअप के लिए आई थीं। पुलिस ने इनमें से 14 महिलाओं की पहचान और उनसे जुड़ी जानकारी वेरिफाई कर लिया है। एक महिला संदिग्ध है, जिसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका है कि इसी महिला ने टॉयलेट में बच्ची को जन्म दिया और सबूत मिटाने के लिए उसे फ्लश कर वहां से भाग निकली।

**सफाईकर्मी ने देखा सिर, 7 घंटे तोड़फोड़ के बाद निकला शव**

घटना सोमवार शाम की है। सफाईकर्मी जब टॉयलेट गई तो फ्लश काम नहीं कर रहा था। झांककर देखा तो कमोड में नवजात का सिर और हाथ फंसा था। इसके बाद करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद कमोड को तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। डॉक्टरों के मुताबिक, बच्ची की नाल (गर्भनाल) भी शरीर से जुड़ी हुई थी। अस्पताल में लगे 26 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि, जिस टॉयलेट में ये घटना हुई उसके आसपास कैमरा नहीं था। पुलिस गैलरी और एंट्री गेट के फुटेज से संदिग्ध महिला और उसके साथ आए लोगों की पहचान करने में जुटी है।

# तेंदुए के हमले से ग्रामीण दहशत में, वन विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

**सलामतपुर।** सलामतपुरे पश्चिम वन क्षेत्र के ग्राम कायमपुर, नरखेड़ा, कुल्हाड़िया, केमखेड़ी और सत्ती गांव सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं। गांव में तेंदुआ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर हमला कर चुका है। कुछ दिन पूर्व भी एक ग्रामीण के घर के पीछे बंधे गाय के बछड़े पर तेंदुए ने हमला किया था। यह घटना रात करीब 2 बजे की थी। तेंदुए के हमले से बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था और जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए उसकी मौत हो गई थी। बताया कि एक साल पहले भी उनके एक अन्य बछड़े को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। यह दूसरी बार था जब उनके मवेशी पर तेंदुआ ने हमला किया। गांव के लोग तेंदुए के डर से रातों में बाहर निकलने से डरते हैं। एक साल से तेंदुए के हमले की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और मवेशियों को बचाया जा सके।



# 4000 किमी साइकिल यात्रा पर निकलीं अंजना

सलामतपुर। "पेडल टू प्लांट 2025" अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव मंगलवार को सलामतपुर पहुंचीं। उन्होंने थाना परिसर में पौधरोपण किया। ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों को जलवायु परिवर्तन रोकने का संदेश दिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी और कस्बे के लोगों ने उनका स्वागत किया। अंजना के साथ निक्षा बारोट, निशा और नीलेश भी यात्रा में शामिल हैं। अंजना यादव ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। कहा, लक्ष्य तय कर मिशन की तरह मेहनत करें। मोबाइल का सही उपयोग कर ज्ञान और कौशल बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि वह आठ खेलों में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। अब तक देश की 22 चोटियों पर चढ़ चुकी हैं। अंजना ने माउंट फ्रेंडशिप पीक 17346 फीट, माउंट यू नाम पीक 20000 फीट, माउंट रेनोक पीक 16023 फीट, माउंट एवरेस्ट बेस कैंप 17598 फीट, माउंट कालापट्टर पीक 18192 फीट, माउंट गोकू पीक 17929 फीट, माउंट पतासु पीक 13800 फीट पर तिरंगा फहराया है। 19 किलोमीटर गंगा राफ्टिंग भी की है। ऑल ओवर गेम्स में 17 बार राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं। कबड्डी, खो-खो, ताइक्वांडो, विसवाल जैसे खेलों में भाग लिया है।



उन्होंने माउंट ट्रेनिंग का बेसिक बीएमसी कोर्स हिमालयन इंस्टीट्यूट से किया है। यह भारत के तीन संस्थानों में से एक है। माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर भी तिरंगा फहराया है। वह हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन कंपनी के साथ यात्रा कर रही हैं। अंजना सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। रक्तदान, जलसेवा और पर्यावरण संरक्षण में रुचि रखती हैं।

कुछ समय पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधरोपण किया था। सलामतपुर में कार्यक्रम के दौरान सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत, गंगाराम चौकसे, मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, बल्लभ अग्रवाल, डॉ. सुरेश यादव, हरीश मालविया, शंकर मेहरा, तोरण सिंह राजपूत, राहुल मैथिल, मुकेश मीणा, राजपाल यादव और लालजीराम चौकसे मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद अंजना ने थाना परिसर में दो पौधे लगाए। अंजना अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक 4000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर हैं। 60 दिनों में 100 शहरों में पौधरोपण करेंगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने बतायाा क मंगलवार को सुबह थाना परिसर में 100 शहरों की साइकिल यात्रा पर निकली रायसेन जिले के सेमरी गांव की पर्वतारोही अंजना यादव का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मारी:दो युवकों की मौत

बैतूल। बैतूल जिले में तेज रफ्तार ने एक बार फिर दो जिंदगियां ले लीं। बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे के ग्राम चिखलार के पास मंगलवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान मुकेश पिता गुलाब वरवड़े (30) और मुकेश पिता पतंग चौकीकर (32) के रूप में हुई है। तीसरा युवक रविकुमार गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसे जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की 112 टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित किया। शवों का पोस्टमॉर्टम बुधवार सुबह जिला अस्पताल में किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया।



**कैटरिंग और पेंटिग का काम करते थे :** जानकारी के अनुसार, मुकेश चौकीकर कैटरिंग का काम करते थे, जबकि मुकेश वरवड़े पेंटिंग का कार्य करते थे। दोनों रात को चिखलार गए थे और लौटते समय हादसा हुआ। हादसे के बाद परिजन बुरी तरह टूट गए हैं और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

# छिंदवाड़ा में ठिठुरन बढ़ी, न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री पर आया

## कोहरे को लेकर येलो अलर्ट, पहाड़ी इलाकों में विजिबिलिटी होगी कम



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में शीतलहर का असर तेज हो गया है। उत्तर भारत से आ रही बफीर्ली हवाओं ने जिले को अपनी चपेट में ले लिया है। मंगलवार रात न्यूनतम तापमान गिरकर 9.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि दिन का पारा 28 डिग्री रहा। शाम ढलते ही सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई। शहर में जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड भगाते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिन तक ठंड का यही जोर रहेगा। जिले के पहाड़ी और कोयलांचल वाले इलाकों में बुधवार और गुरुवार को घना कोहरा छाने की संभावना है। सुबह के समय विजिबिलिटी (दृश्यता) कम रहने के कारण वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आशंका है कि तापमान में अभी और गिरावट आएगी। बढ़ती ठंड का असर बाजार और दिनचर्या पर भी दिख रहा है। शाम होते ही बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा है और लोग जल्दी घरों में दुबक रहे हैं। विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने और जरूरी होने पर ही सुबह-शाम बाहर निकलने की सलाह दी है।

# भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में चखिये दाल-पानिये का टेस्ट

## 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले की शुरूआत, 350 स्टॉल लगे

भोपाल। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में बुधवार से 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले की शुरूआत होगी। इसमें लोग दाल-पानिया, गोंडी जैसी कई डिशेज का लुत्फ भी उठा सकेंगे। 24 राज्य के जड़ी-बुटियों समेत अन्य करीब 350 स्टॉल लगेंगे। किड्स जोन भी यहां रहेगा। वन मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया । इस बार मेला 'समृद्ध वन खुशहाल वन' की थीम पर हो रहा है, जो 23 दिसंबर तक चलेगा। मेले में 350 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। मेले में प्रदेश के जिला यूनियन, वन, वन धन केंद्र, जड़ी-बूटी संग्राहक, उत्पादक, आयुर्वेदिक औषधि निमार्ता, परंपरागत भोजन सामग्री के निमार्ता एवं विक्रेता गण अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे।

**इनके स्टॉल लगेंगे :** मेले में 10 शासकीय स्टॉल, 24 अन्य राज्यों के स्टॉल, 16 प्रदर्शनी के स्टॉल, 136 प्राइवेट स्टॉल, 26 फूड स्टॉल, जिनमें अलीराजपुर का दाल पनिया, बांधवगढ़ की गोंडी व्यंजन का स्वाद मिलेगा।



इसके अलावा 50 ओपीडी स्टॉल और एक किड्स जोन भी होगा।

**200 आयुर्वेद चिकित्सक, विशेषज्ञ देंगे परामर्श :** वन मंत्री दिलीप अहिरवार ने बताया, वन मेले में 200 आयुर्वेदिक पद्धति के चिकित्सक एवं विशेषज्ञ निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श देंगे। प्रबंध संचालक राज्य वनोपज संघ डॉ. समिता राजौरा ने बताया, मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। जिसमें ऑर्केस्ट्रा, नुक्कड़ नाटक, लोक नृत्य, स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, फैंसी ड्रेस और गायन के कार्यक्रम होंगे।

**ये कार्यक्रम होंगे :** 18 दिसंबर की शाम ऑर्केस्ट्रा अंचल शर्मा ग्रुप की प्रस्तुति दी जाएगी। 19 दिसंबर की शाम विरासत सूफी की म्यूजिकल प्रस्तुति। 20 दिसंबर को 'एक शाम वन विभाग के नाम' (फॉरेस्ट मेलोडी) द्वारा सरगम म्यूजिकल ग्रुप।

21 दिसंबर की शाम ख्याति प्राप्त सिंगर नीरज श्रीधर, बॉम्बे वाइकिंग्स की म्यूजिकल प्रस्तुति होगी।

22 दिसंबर की शाम को मानसरोवर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम। 23 दिसंबर को परंपरागत नृत्य झाबुआ की प्रस्तुति होगी।

**अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाएं भी होंगे :** मंत्री अहिरवार ने बताया, वन मेले में 19 एवं 20 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के 17, नेपाल के 2 एवं भूटान के एक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

स्वच्छता अभियान को मिला बल

# निगमायुक्त अहिरवार ने रांझी का दौरा कर दिए आवश्यक निर्देश



जबलपुर। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बुधवार को सुबह ठीक 7 बजे रांझी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उनका यह दौरा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के मापदंडों पर खरा उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सफाई मित्रों की उपस्थिति जाँची :** निगमायुक्त श्री अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले सफाई मित्रों की उपस्थिति की जानकारी ली और सभी को नियमित रूप से ड्यूटी पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता कार्य को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और भी बेहतर व प्रभावी ढंग से किया जाए।

**अतिक्रमण हटाने पर जोर और समझाइश :** निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सड़क किनारे हो रहे अस्थायी अतिक्रमणों पर भी ध्यान दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करने के लिए समझाइश दी, ताकि यातायात सुगम बना रहे और शहर सुंदर दिखे।

### सांची उत्पादों की बिक्री पर विशेष निर्देश

निरीक्षण के दौरान, निगमायुक्त ने सांची कॉर्नर का भी जायजा लिया। उन्होंने वहाँ के दुकानदार को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए कि इस कॉर्नर में केवल सांची के ही आइटम विक्रय किए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सकें। इस मौके पर अपर आयुक्त श्री देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्री अनिल मिश्रा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान का शुभारंभ आज से

## कलेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश




**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 से 25 दिसंबर 2025 के तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के मुख्यालय स्तर पर समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अभियान को सफल बनाने के लिए अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### गांव में कराई जाए मुनादी

जारी आदेश के मुताबिक जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में समस्या निवारण शिविर का कैलेंडर बनाकर जिला पंचायत प्रेषित करेंगे, जिसका इलेक्टॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव दो दिवस पूर्व से डोंडी पिटवाकर पंचायत के सभी ग्रामों में सूचना देंगे। इसके अतिरिक्त यदि ग्राम पंचायत का कोई सोशल मीडिया ग्रुप है, तो उसमें भी शिकायत निवारण की सूचना दी जावेगी। उक्त शिविर में पेंशन, संबल, मनरेगा, समग्र, आवास की ई-केवायसी भी की जाएगी। सभी विभागों के क्षेत्रीय अधिकारी उक्त शिविर में जाकर समस्याओं का निराकरण करेंगे तथा निराकृत की गई समस्याओं की संख्या और फोटोग्राफ जिला पंचायत कार्यालय को भेजेंगे।

### जिला पंचायत में देनी होगी सूचना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अपने स्तर से सभी सीपी ग्राम, सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों, सीएम मॉनिट व आयोगों से प्राप्त शिकायतों का मिशन मोड में निराकरण कर, किये गये निराकरण की प्रगति से जिला पंचायत को अवगत कराएंगे। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण सभी संबंधित विभाग उक्त अवधि में निष्पादन कर निराकृत आवेदनों की संख्या से जिला पंचायत को अवगत कराएंगे। प्रत्येक जनपद में जनपद स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किसी भी बाजार दिवस के दिन किया जाएगा, जिसका स्थान व दिनांक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निर्धारित कर सूचित करेंगे। समस्याओं के निराकरण उपरांत प्रत्येक जनपद से 10- 10 सफलता की कहानियां फोटोग्राफ सहित जिला पंचायत को प्रेषित करेंगे। जनपद स्तरीय शिविर में आधार कार्ड अपडेट तथा नवीन आधार कार्ड भी बनाएं जाएंगे।

### विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित की जाने वाले अभियान को लेकर कलेक्टर द्वारा विभागों को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें ई-गवर्नेंस मैनेजर आधार मशीन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका स्तर पर समस्या निवारण शिविर का आयोजन कर निकाय को प्राप्त सभी शिकायतों का निराकरण कर पालन प्रतिवेदन व सफलता की कहानियां जिला पंचायत को प्रेषित करेंगे। सभी जिला विभाग प्रमुख भी अपने स्तर से उक्त शिविरों में अपने अधीनस्थ अधिकारियों- कर्मचारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित करेंगे। विभाग की प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को प्रतिवेदन प्रेषित करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में उप-निर्वाचन कार्य प्रचलित है वहां आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाए।

# राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** श्रम विभाग अंतर्गत मप्र श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में 18 एवं 19 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य भी उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों में विगत माह संपन्न हुई संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता श्रमिक खिलाड़ी एवं व्यक्तिगत खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एक हजार से अधिक श्रमिक भाग लेंगे। मंत्री श्री पटेल द्वारा कार्यक्रम में मंडल द्वारा संचालित उत्तम श्रमिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत चयनित 15 श्रमिकों तथा श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत चयनित 10 श्रमिकों को पुरस्कृत किया जायेगा। मंडल की उत्तम श्रमिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रत्येक श्रमिक को 25 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रत्येक श्रमिक को 10 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों एवं स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक खिलाड़ी समूह खेलों में कबड्डी (महिला एवं पुरुष), रस्साकशी (महिला एवं पुरुष), व्हालीबॉल एवं केरम तथा इसी प्रकार व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़, ऊंची व लम्बी कूद, भाला, तबा व गोला फेंक प्रतियोगिता शामिल हैं।

# ऑनलाइन पेमेंट लेकर चिटिंगबाजी करने वाला गिरफ्तार

जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत एक युवक ने एमपी ऑनलाइन शॉप की दुकानदारों को 2 लाख 10 हजार रुपए का चूना लगा दिया। दुकान संचालक अमित बर्मन ने बताया कि वह वार्ड नंबर 9 में रहता है। उसकी ऑनलाइन शॉप है। जिसके पास लगभग 4.25 बजे एक युवक आया और बोलने लगा कि मेरे अकाउंट में पैसे डाल दो मैं आपको कैश दे दूंगा। उसने उसके बताए हुए अकाउंट पर 60000 डाल दिए। थोड़ी देर बाद युवक बोलने लगा मेरे पास पैसे नहीं है मेरा एक दोस्त पैसे लेकर आ रहा है, मैं पांच मिनट में आपको पैसे दे दूंगा। ऐसा कर युवक ने आधा घंटा निकाल दिया उसके बाद युवक बोलने लगा कि मेरा मित्र नहीं आ रहा है। चलो मार्केट से मैं आपको पैसे दिलवा देता हूं। मार्केट ले जाने के बाद युवक ने 3 घंटे मुझे घुमाया उसके बाद पैसे नहीं मिले इसके बाद हम लोगों ने युवक को शहपुरा पुलिस के हवाले किया और फिर दर्ज कराई पूछताछ की बात पता चला कि युवक ने किसी गेम




में पैसे डाला है किसी ट्रेडर्स के अकाउंट पर ट्रांसफर करवाये है। दूसरे अभिषेक सेन ने बताया कि मेरे ऑनलाइन दुकान पर शाम 5 बजे के पास एक लड़का आया और बोलने लगा कि में यह मटर खरीदी अनाज खरीदी का काम करते हैं हमें व्यापारी को पैसे डालने हे तो हमें ऑनलाइन ट्रांसपर कर दो हम आपको कैश पेमेंट देते हैं। पहले उसने हम से 70 हजार रु पए अकाउंट में ट्रांसपर कराए फिर 30 ट्रांसफर कराए फिर 50 हजार रुपए हजार रुपए ट्रांसफर कराए (टोटल 1 लाख 50 हजार) रुपए एकाउंट में ट्रांसपर कराए इसके बाद युवक बोलने लगा कि मेरे पास कैश नहीं है आप को व्यापारी से पैसे दिलाते हैं। मेरा बड़ा भाई मंडी से पैसे लेकर आ रहा है मैने पता लगाया तो पता चला कि युवक ने ऑनलाइन गेम खेल लिया है फिर युवक को थाने ले जाकर पुलिस कंप्लेंन की पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है युवक ने शहपुरा में एक दुकान पर और 60 हजार का फ्राड किया है। थाना प्रभारी शहपुरा प्रवीण सिंह ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला है कि उसने कई तरह के ऑनलाइन फ्रॉड किए हैं।

# गोहलपुर, मदार टेकरी में चली अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

## 100 से ज्यादा ठेले- अवैध चौपाइयों को हटाया; पुलिस बल तैनात रहा

जबलपुर। जबलपुर शहर के हनुमानताल, गोहलपुर, रद्दी चौकी और मदार टेकरी ऐसे इलाके हैं, जहां दिन के साथ-साथ रात भर भी बाजार सजा रहता है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में दिन हो या रात, अतिक्रमण और जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर निगम द्वारा कई बार चेतावनी और नोटिस दिए गए, लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक लगातार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन थानों की पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को 12 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि जो शेड यातायात में बाधा बन रहे हैं, उन्हें स्वयं हटा लें, अन्यथा उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। हनुमानताल, गोहलपुर और आधारताल थाना पुलिस के 50 से अधिक जवानों की मौजूदगी में नगर निगम ने रात भर में 100 से



अधिक अतिक्रमण हटाए।

**अब रोजाना अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई :** नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि शहर का यह क्षेत्र रात भर खुला रहता है, जिसके कारण यहां रात में भी दिन जैसा अतिक्रमण फैला रहता है। फिलहाल सांकेतिक चेतावनी के रूप में कार्रवाई की गई है, लेकिन यदि लोग स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो सख्ती बरती जाएगी। निगम अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की टीम दिन के साथ-साथ रात में भी कार्रवाई कर रही है। लेफ्ट टर्न पर खड़े ठेले और अवैध चौपाइयों को हटाया जा रहा है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण अधिकारी ने बताया कि अब रोजाना अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**अब निगम की अनुमति लेना अनिवार्य :** नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार जल्द ही एक विज्ञप्ति जारी करेंगे, जो ठेले और टपरे लगाने वालों को दी जाएगी। इसमें स्पष्ट निर्देश होंगे कि किसी भी प्रकार का फेब्रिकेशन कार्य करने से पहले नगर निगम की अनुमति लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा अतिक्रमण दल दुकान से ही सामग्री जब्त करेगा। कड़ाके की ठंड के बीच रात भर चली इस कार्रवाई के दौरान एएसपी आयुष गुप्ता, सीएसपी मधुर पटेरिया सहित हनुमानताल, गोहलपुर और आधारताल थानों के थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### वोकेशनल विद्यार्थियों की एफडीडीआई छिंदवाड़ा भ्रमण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** वोकेशनल के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इन्दुरख्या के निर्देशन में प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसा पाला, के वोकेशनल विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत एफडीडीआई छिन्दवाड़ा का में प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। नोडल शिक्षक बसंत श्रीवास्तव, सहायक नोडल सी एल ठाकुर, वोकेशनल शिक्षक श्रीमती अर्पणा शर्मा स्वपनिल शर्मा, श्रीमती वंदना झारिया, भ्रमण के दौरान उपस्थिति में विद्यार्थियों ने एफडीडीआई में फुटवेयर निर्माण की मूल प्रक्रिया, डिजाइनिंग एवं मशीन संचालन, लेदर की पहचान, क्वालिटी टेस्टिंग, फुटवेयर उद्योग में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की।



# एलेक्स कैरी का शतक, ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 326/8

**एडिलेड। एलेक्स कैरी (106) की शतकीय और उस्मान ख्वाजा (82) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को स्टंप्स के समय आठ विकेट पर 326 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जेक वेदरॉल्ड (18) और ट्रेविस डे (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई।**

**25वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने मार्नस लाबुशेन (19) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसी ओवर में उन्होंने कैमरन ग्रीन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने उस्मान ख्वाजा के साथ जूझारु बल्लेबाजी का परिचय देते हुए पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़े। 48वें ओवर में विल जैक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे उस्मान ख्वाजा को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान ख्वाजा ने 126 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 82 रनों की शानदार पारी खेली।**



**ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट जॉश इंग्लिस (32) के रूप में गिरा। उन्हें जॉश टंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान पैट कमिंस 13 रन बनाकर आउट हुये। इसी दौरान एलेक्स कैरी ने 73वें ओवर की पांचवीं गेंद पर तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना शतक बनाने के लिए आठ चौके और एक छक्का लगाया। दिन का आखिरी विकेट एलेक्स केरी के रूप में गिरा उन्हें विल जैक्स ने आउट किया। कैरी ने 148 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 106 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 326 रन बना लिए हैं और मिचेल स्टार्क (नाबाद 33) और नेथन लायन बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने तीन विकेट लिये। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो विकेट मिले। जॉश टंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया।**

### भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए विगत 11 साल में खेल क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मोदी सरकार के उल्लेखनीय प्रयासों व कार्यों पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। अनुराग ठाकुर ने कहा, 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी, तो पहले ही दिन से खेल के प्रति सरकार का रुख स्पष्ट था। हम खेल के साथ कोई खेल नहीं होने देंगे। खिलाड़ी देश के लिए खेलते हैं, इसलिए उनके ट्रेनिंग और जरूरतों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि खेलेगा भारत और बढ़ेगा भारत। 2030 तक भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री 120 बिलियन डॉलर हो जाएगी। आज अपने भारत अपने सामर्थ के दम पर 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार खड़ा है। आज युवा एवं खेल मंत्रालय का कुल बजट 3,794,30 करोड़ है।

# देश में 2030 तक एक करोड़ के पार हो जाएगी 5-जी उपभोक्ताओं की संख्या

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि देश में टेलीकॉम उपकरणों का तेजी से निर्माण हो रहा है और इसका निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है और अगले पांच साल में 5जी उपभोक्ताओं की संख्या अगले एक करोड़ से ज्यादा होने का अनुमान है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में बुधवार को एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हाल ही में टेलीकॉम उपकरणों की देश में बड़े स्तर पर वृद्धि हुई है और इसको लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन भी हुए जिनमें भारतीय डेलिकेट और 1200 से ज्यादा विदेशी डेलिगेट्स उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम से संबंध उपकरणों का बड़े स्तर पर कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। संचार मंत्री ने 5जी को भारत की नहीं बल्कि विश्व की उपलब्धि बताया और कहा कि आज 5जी के जरिए पांच लाख जीपीएस देश भर लग चुके हैं और 99.9 प्रतिशत जिले इसमें कवर हो चुके हैं। देश में आज 36 करोड़ से ज्यादा 5जी उपभोक्ता हैं और इसकी गति जिस तेजी से बढ़ रही है उससे अनुमान है कि 2030 तक 5जी उपभोक्ताओं का आंकड़ा 100

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयाँ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556, 9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)



# 17 लाख रुपए से भरा बैग भी भूरा ज्वेलर्स संचालकों से छीनकर ले गए लुटेरे



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** भूरा ज्वेलर्स संचालकों से 900 ग्राम सोना,19 किलो 750 ग्राम चांदी और करीब 17 लाख रूपए कैश से भरा बैग छीनकर लुटेरे रफूचक्कर हो गए हैं। वारदात के बाद से मामले की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस को बदमाशों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार रात करीब 8 बजे पनागर पुलिस के साथ-साथ थाना गोसलपुर, सिहोरा, अधारताल, माढोताल, तिलवारा, बरगी, खितौला, मझगवां और मझौली पुलिस को अलर्ट करते हुए तत्काल नाकाबंदी कराई गई, लेकिन संदेही या कोई संदिग्ध पुलिस को नहीं मिला। सुनियोजित सनसनीखेज लूटकांड के बाद एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर क्राइम ब्रांच को पड़ताल के लिए लगाया गया है। पनागर पुलिस ने बताया कि कमानिया गेट स्थित भूरा ज्वैलर्स के संचालक सुनील सराफ और उनके बेटे संभव सराफ पर हमला करने के बाद बदमाश जेवर-नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए हैं।

## 10 साल में हुईं बड़ी लूटडकैतियों के मामले पेंडिंग

जबलपुर पुलिस और उनका संपूर्ण संसाधन युक्त सिस्टम 10 सालों में लूट-डकैतियों को सुलझाने में अधिकांश फिसड्डी ही साबित रहा है। दरअसल डकैतों के लिए जबलपुर सबसे सॉफ्ट टारगेट रहा है, यहां दूसरे राज्यों के डकैत आसानी से आते हैं और कुछ दिन बेखौफ रहने के बाद रैकी करते हुए पुलिस को खुली चुनौती देकर डकैती डालकर शहर छोड़कर फरार भी हो जाते हैं। साल 2015 से अगर आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाएं आज तक जिले में कई डकैतियां हुई लेकिन जबलपुर पुलिस इन वारदातों को अंजाम देने वाले एक भी डकैत को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी। यह लापरवाही पड़ती है भारी-रात्रि में पुलिस गश्त नहीं करती हैं, रात्रि गश्त कमजोर होने से अपराधियों के हौंसले बुलंद रहते हैं। रात में अधिकांश अधिकारी फील्ड की जगह थानों में बैठते हैं। रात के वक्त प्रमुख मार्गों में अगर कभी कभार पुलिस दिख भी जाए तो कॉलोनियों और सूनसान इलाकों में दूर-दूर तक खाकी नजर नहीं आती हैं। इसके अलावा रात के वक्त घूमने वाले संदेहियों से किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं होती है। होटल, ढाबों, मुसाफिरखानों और धर्मशालाओं की जांच सिर्फ वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान होती हैं। किराएदारों की पुलिस को कोई जानकारी नहीं होती है। यह गिरोह रहते हैं सक्रि य- शहर में पारधी, कंजड़, स्थानीय, डेरा वाले समेत अनेक गिरोह सक्रिय हैं जो रैकी के बाद वारदातों को अंजाम देते हैं और परिवार सहित जिला छोड़कर भाग जाते हैं। डकैती के पुराने रिकॉर्ड देखे जाएं तो पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि जिले में यूपी-बिहार झारखंड से लेकर बांग्लादेश से भी डकैत आते रहे हैं।

### 10 साल की यह डकैतियां अब तक अनसुलझी

- 21 अप्रैल 2015 में रेलवे ब्रिज के पास रहने वाली लिज्जत पापड़ समूह की संस्थापक पुष्पा बेरी और उनके परिवार को बंधक बनाकर डकैती डाली गई।
- 14 मई 2016 में नेपियर टाउन में निवासी शराब कारोबारी रामअवतार गुप्ता के घर में डकैत घुसे और लाखों का माल लूटकर फरार हो गए।
- 11 नवम्बर 2016 में संजीवनी नगर इलाके में रहने वाले अधिवक्ता हर्षवर्धन शुक्ला के घर में डकैत घुसे लाखें की नगदी ले गए।
- 7 मई 2018 में ओमती के नेपियर टाउन निवासी कलर लैब संचालक निखिल अग्रवाल के घर भी डकैती की वारदात हुई।
- 29 जुलाई 2023 में नेपियर टाउन निवासी स्पेयर पार्ट्स कारोबारी दलवीर टुटेजा के बंगले में डकैत घुसे और 15 तोला सोना सहित नगदी ले गए।

## साइबर सेल कर रही कॉल सर्च

लूट के बाद पुलिस अधिकारियों ने साइबर सेल के माध्यम से पनागर सहित आसपास के क्षेत्र के सभी कंपनियों के मोबाइल टॉवरों को कनेक्ट करते हुए पूरा डेटा खंगाल डाला, लेकिन साइबर सेल को कोई पुख्ता सुराग नहीं मिले हैं। वारदात के वक्त शाम करीब 6 बजे से 8 बजे तक के एक्टीवेट मोबाइलों की एक-एक कॉल सर्च कराई जा रही है।

## खितौला बैंक रॉबरी खुलासा होगा जांच में अहम

11 अगस्त को खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक रॉबरी के मामले में पुलिस द्वारा की गई जांच-पड़ताल और आरोपियों की गिरफ्तारी पनागर में हुई वारदात की जांच में अहम हिस्सा हो सकती है। बैंक रॉबरी मामले में पकड़े गए आरोपी अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय थे, इसके सदस्य पहले भी कई वारदातों में शामिल रहे हैं। उक्त जांच में पुलिस,क्राइम ब्रांच जबलपुर, एसटीएफ बिहार सहित पुलिस की कई टीमों ने मिलकर काम किया था। पुलिस ने बिहार व झारखंड में दबिश देते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# कलेक्टर और सीईओ ने किया प्रक्षेत्र भ्रमण और वाम एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत ने नानाखेड़ा चरगवां रोड में गोपाल असावा के खेत में 28 एकड़ में उन्नत तकनीक से लगी हुई शिमला मिर्च, टमाटर, बैंगन और स्ट्रॉबेरी का प्रक्षेत्र भ्रमण किया। इसके अलावा उन्होंने उमरिया डुंगरिया इंडस्ट्रियल एरिया में पल्लवी पटेल की वाम एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया, जहां डिहाइड्रेटेड शिमला मिर्च, डिहाइड्रेटेड इलायची, लौंग, दालचीनी, ग्रीन चिली और टमाटर की संस्करण किया जा रहा है। इस दौरान उप संचालक उद्यान डॉ. नेहा पटेल और महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र श्री विनीत रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर और सीईओ ने संभागीय हाट बाजार का किया निरीक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत ने आज कांचघर क्षेत्र में संभागीय हाट बाजार का निरीक्षण किया। यह हाट बाजार महाकौशल क्षेत्र की पहचान को बढ़ावा देने और ग्रामीण उत्पादों को शहर तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस हाट बाजार में स्व-सहायता समूह की महिलाएं अपनी उत्पादों को बेचने के लिए एक मंच प्रदान करेंगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी आजीविका कमा सकें। हाट बाजार में गोंडी पेंटिंग, मार्बल उत्पाद, कच्ची घानी तेल मिल, दाल प्रसंस्करण इकाई, प्रसंस्कृत कोदो कुटकी मिलेट एवं कुकीज, नॉनवेज रेस्टॉरेंट, देशी चिकन शॉप और देशी अंडे की शॉप जैसी विभिन्न इकाइयां शामिल हैं। यह पहल न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनाएगी।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान और वॉकथान का आयोजन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा गौरीघाट तट पर स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी वॉकथान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर और निगम आयुक्त श्री राम प्रकाश अहिरवार ने किया। इस दौरान लोगों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक के कम से कम उपयोग और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अविनाश कुमार ने कहा कि बैंक न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। वॉकथान में बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता संदेशों के साथ जागरूकता का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने "स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत" और "स्वच्छता अपनाएं, देश को आगे बढ़ाएं" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# महाकौशल विधि छात्र संघ ने आयोजित किया भव्य एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** महाकौशल विधि छात्र संघ के तत्वावधान में हितकारिणी विधि महाविद्यालय परिसर में भव्य एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति संगीत से सराबोर इस आयोजन में अधिवक्ता जगत, शैक्षणिक संस्थानों तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट अंकुश चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में पं. संतोष शास्त्री (महामंत्री, श्री नगर पंडित महासभा), रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एड. मनीष मिश्रा, हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष एड. संजय वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ सचिव एड. ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एडिशनल एसपी श्री सूर्यकांत शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन मंत्री डॉ. मनोज पांडे, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सुदामा चौधरी, एड. अशोक गुप्ता, भाजपा विधि प्रकोष्ठ संयोजक एड. राहुल श्रीवास्तव सहित जिला अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी, जेडीए के पूर्व उपाध्यक्ष मधु चौधरी, ब्रिटिश फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री अनुराग सोनी तथा ज्ञान गंगा कॉलेज के डायरेक्टर श्री पंकज गोयल की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान एडिशनल एसपी श्री सूर्यकांत शर्मा द्वारा प्रस्तुत भजन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इसके उपरांत एड. मनीष मिश्रा, एड. ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक महाआरती संपन्न कराई गई। आयोजकों ने बताया कि वर्ष के अंतिम माह में आयोजित इस सुंदरकांड का उद्देश्य युवा पीढ़ी को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते हुए वर्ष 2025 की विदाई और 2026 के शुभारंभ को ईश्वर-स्मरण के साथ करना है, ताकि आने वाला वर्ष सभी के लिए मंगलमय सिद्ध हो। सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायक-भक्त श्री राजेंद्र यादव एवं उनकी मंडली द्वारा दी गई, जिसने पूरे आयोजन को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया। आयोजन समिति में एड. अंकुश चौधरी, एड. मोहित प्यासी, एड. राहुल अगरिया, एड. हर्ष पाण्डेय, एड. रोहित गुप्ता, हर्ष प्रताप, एड. शुभांशु सिंह, एड. शुभम प्रजापति, एड. संदीप चौधरी, रोहित कुरील, अतुल अहिरवार, एड. अमित चौधरी, आकाश यादव, आशीष प्रजापति, दिनेश चक्रवर्ती, एड. प्रज्ञा वर्मा, एड. मासूम उपाध्याय, उपासना सोनकर, नंदिनी पटेल, ईशान जैन, एड. अर्चना पटेल, एड. पुष्पा कोल, एड. स्नेहिल सिंह, एड. किरण केवट, एड. आशीष साहू, एड. देवेंद्र सिंह, एड. नितिन पटारिया, एड. प्रियेश शर्मा, सौरभ सोनकर एवं लखन श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# एआई से तैयार हो रहीं फर्जी ई-रेल टिकट, जबलपुर मण्डल एक्शन में

### नागपुर व जयपुर रेल मण्डल से आ चुकी हैं शिकायत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में तथा जयपुर रेल मण्डल में टिकट जांच के दौरान एआई का दुरुपयोग कर फर्जी ई रेल टिकट तैयार करने के आए दो गंभीर मामलों का खुलासा होने के बाद से जबलपुर रेल मण्डल में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। समस्त टीटीई/टीसी स्टॉफ को सतर्क कर दिया गया है और प्रत्येक ईटिकट का सत्यापन एचएचटी मशीन द्वारा अनिवार्य रूप से करने के आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। बताया जाता है कि गाड़ी संख्या 12833 में नागपुर- गोंदिया सेक्शन के दौरान ड्यूटी पर तैनात टीटीई इंद्रजीत ने दो यात्रियों को एक ही सीट पर दावा करते हुए पाया। संदेह होने पर दोनों ई-टिकटों की एचएचटी उपकरण से जांच की गई, जिसमें एक टिकट वास्तविक तथा दूसरा निष्क्रिय



पीएनआर के आधार पर तैयार किया गया फर्जी ई-टिकट पाया गया। पूछताछ में सामने आया कि यह टिकट एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराया गया था, जिसने संपर्क करने पर मोबाइल बंद कर लिया। जांच से यह स्पष्ट हुआ कि निष्क्रिय पीएनआर का उपयोग कर ईटिकट की पीडीएफ फाइल को डिजिटल रूप से एडिट कर एआई टूल्स की मदद से नकली टिकट तैयार किया गया था। खुलासे के बाद से वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक, नागपुर मंडल दिलीप सिंह के निर्देश पर मंडल में विशेष सतर्कता अभियान शुरू कर दिया गया है ताकि फर्जी ई टिकटों का पर्दाफाश किया जा सके। इसी क्रम में हाल ही में जयपुर मंडल में भी एआई के दुरुपयोग का एक मामला सामने आया है, जिसमें कुछ विद्यार्थियों ने एक व्यक्ति के वैध ई-टिकट को एआई की सहायता से एडिट कर 7 यात्रियों का टिकट दर्शाया। यह फर्जीवाड़ा तब पकड़ा गया जब हेड टीसी द्वारा मोबाइल में दिखाए गए टिकट की जांच की गई।

## जबलपुर टीटीई–टीसी स्टॉफ को किया सतर्क

इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने मंडल के सभी टिकट जांच कर्मचारियों (टीटीई/टीसी) को सख्त हिदायत दी है कि वे पूरी सतर्कता के साथ टिकटों की जांच करें, प्रत्येक ईटिकट/एम-टिकट का एचएचटी से अनिवार्य सत्यापन करें तथा किसी भी संदिग्ध या संशोधित डिजिटल टिकट को तुरंत फर्जी मानते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि फर्जी टिकट के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाष्त नहीं की जाएगी। इधर जबलपुर रेल मण्डल ने भी उक्त की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए टीटीई/टीसी स्टाफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत माध्यमों से ही टिकट खरीदें, अनधिकृत व्यक्तियों से टिकट न लें तथा किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएं।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी

प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी

गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)



म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

पता – हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय-निवास

कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)

Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717


# माढ़ोताल पुलिस ने 6 किलो गांजा किया जब्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को 6 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में कृष्ण जाटव पिता सूरज जाटव (उम्र 17 वर्ष), निवासी पुराना ब्रिज पथरिया फाटक, नरसिंह मंदिर के पास, मल्लपुरा दमोह और रोशन कुमार पिता स्वर्गीय नन्हेलाल कुमार (उम्र 52 वर्ष), निवासी धर्मपुरा मोहनिया दमोह शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 6 किलो गांजा बरामद किया गया है। बरामद मादक पदार्थ एवं आरोपियों को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना माढ़ोताल के सुपुर्द किया गया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक नरेश पासी, प्रधान आरक्षक अखिलेश पांडे, गोविंद राय, रुस्तम अली और राजेश पांडे की अहम भूमिका रही। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किन-किन स्थानों पर की जानी थी।



# पराली जलाने पर 17 किसानों पर कार्रवाई

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निदेर्शानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कुंडम ने खरीफ 2025 में धान की पराली जलाने के मामले में कुंडम तहसील के 17 किसानों पर कुल 42 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। प्रभावित किसानों में पटनाखुर्द गांव के कोमल प्रसाद लोधी, चंद्र नारायण और गोपाल लोधी, रहटा गांव के अंकुश, विजय सिंह और देवेंद्र सिंह, सहजपुरी गांव के विनोद सोनी और पंकज जैन, बघराजी के संतोष साहू, कल्याणपुर की रुकमणी बाई, डबराकला के बैजनाथधर, सुनावल के नरेश कुमार हल्दकार और रघुवीर प्रसाद, नारायणपुर के राजेश, मुरझौर के संतोष बागरी, देवरी के नरेन्द्र सिंह तथा रानीपुर के सुशील गिरी शामिल हैं। प्रत्येक किसान पर 2 हजार 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आदेश में कहा गया है कि यह राशि खाद्य शाखा द्वारा उपार्जन की रकम से वसूल की जाएगी।


Mob.: 9770559042 Reg No. 48783

THE BEST ORTHO PHYSIOTHERAPY AND WELLNESS CENTRE

Dr. Riya Sonkar (PT) B.P.T., M.P.T. (Ortho) DNHE

Physiotherapist at GOVT RANIDURGAWATI (ELGIN) HOSPITAL JABALPUR

* Cupping & Manual Therapy
* Certified IASTM Therapist
* Certified Dry Needling Therapist

YOGA FITNESS CLASS ZUMBA

HOME VISIT AVAILABLE

64, Saket Nagar, Badi ukhri, Jabalpur (M.P.)

विशेष उपचार :-
Paralysis (लकवा)
Neck Pain (गर्दन दर्द)
Sciatica (सायटिका)
Frozen Shoulder (कंधे का दर्द)
Joint Pain (जोंड़ो का दर्द)
Osteoarthritis (बात)
Disc Prolapse/Slip disc (रीढ़ की हड्डी का खिसक जाना)
Facial Palsy etc (चेहरे का लकवा)

WEIGHT LOSS DIET

आधुनिक मशीनों एवं कसरत व व्यायम द्वारा उपचार किए जाते है


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592